City 24 News
शहर आपका, खबर आपकी
ऑनलाइन हिन्दी डिजिटल ई-पेपर वर्ष 2, अंक 06 पेज 8 शनिवार 06 जनवरी, 2024 संपर्क: 9818180269
www.city24news.in ! youtube@city24media ! facebook@www.city24news.in ! twitter@city24media

# अभय चौटाला के समधी, इनेलो के पूर्व विधायक... जानें कौन हैं दिलबाग सिंह, जिनके घर मिला कुबेर का खजाना

**सिटी 24 न्यूज**

हरियाणा में चुनाव से ठीक पहले ईडी की दस्तक से बीजेपी, कांग्रेस और आईएनएलडी नेताओं में हडकंप मच गया है। ईडी अवैध खनन मामले में दर्ज एफआईआर पर एक्शन में है। अवैध खनन मामले में जिन लोगों पर छापेमारी हो रही है उनके तार राजनीति से जुड़े हुए हैं। हरियाणा में ईडी की टीमों ने 20 जगहों पर एक साथ दस्तक दी है। हरियाणा में जिन नेताओं के घर पर छापेमारी हो रही है, उसमें इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह भी शामिल है। दिलबाग सिंह आइएनलडी विधायक अभय चौटाला का रिश्तेदार है। आइए जानते हैं उनके बारे में





**कौन है दिलबाग सिंह**

दिलबाग सिंह कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से साल 1994 के ग्रेजुएट हैं। इनका ट्रांसपोर्ट और माइनिंग का बिजनेस है। दिलबाग सिंह आईएनलडी नेता अभय सिंह चौटाला के समधी हैं। करीब 4 साल पहले दिलबाग सिंह की बेटी की शादी अभय सिंह चौटाला के बेटे अर्जुन चौटाला के साथ हुई थी। दिलबाग सिंह दो बार आईएनएलडी से विधायक भी रह चुके हैं। उन्होंने 2009 और 2014 में यमुनानगर सीट से चुनाव जीता था। लेकिन 2019 में दिलबाग सिंह यमुनानगर में बीजेपी के घनश्याम दास से 1,400 से अधिक मतों के अंतर से हार गए थे।

**सबसे अमीर उम्मीदवारों की लिस्ट में थे दिलबाग**

2019 में हुए विधानसभा चुनावों में दिलबाग सिंह हरियाणा के सबसे अमीर उम्मीदवारों में से एक थे। दिलबाग सिंह ने दिए अपने ब्योरे में 34 करोड़ रुपए की संपतति घोषित की थी। ईडी की रेड में दिलबाग सिंह और उनके सहयोगियों के ठिकानों से अवैध विदेशी हथियार मिले हैं। इसके अलावा 300 कारतूस, 100 से अधिक शराब की बोतलें और 5 करोड़ नकद कैश, साढ़े चार किलो सोना बरामद किया गया है। वहीं, देश और विदेश में कई संपततियां मिली हैं, जिनकी अभी तक किसी को भनक तक नहीं लगी थी।

# शरद पवार के पोते और विधायक रोहित पवार के बारामती एग्रो पर ईडी का छापा, 6 जगहों पर जांच शुरू

**सिटी 24 न्यूज**

महाराष्ट्र के बारामती जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शरद पवार के पोते और विधायक रोहित पवार के बारामती एग्रो पर छापा मारा है। शुक्रवार (5 जनवरी) सुबह ईडी की टीम बारामती एग्रो पहुंची। कंपनी का दफ्तर अन्य लोगों के लिए बंद कर दिया गया है। इस कंपनी के मालिक विधायक रोहित पवार हैं।

दरअसल अजित पवार के राज्य सरकार में शामिल होने के बाद से पवार परिवार में फूट पड़ गई है। अजित पवार उपमुख्यमंत्री बने लेकिन शरद पवार के पोते और विधायक रोहित पवार, सांसद सुप्रिया सुले बड़े पवार के साथ रहे। विपक्षी पार्टी में शामिल रोहित पवार की कंपनियां केंद्र और राज्य एजेंसियों के रडार पर हैं। उधर, कंपनी प्रशासन की ओर से किसी ने भी इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। केंद्रीय जांच एजेंसियों की ओर से अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है।



**किरीट सोमैया ने दर्ज कराई थी शिकायत**

बीजेपी नेता और पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने कन्नड़ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्री को लेकर ईडी में शिकायत दर्ज कराई थी। विधायक रोहित पवार की बारामती एग्रो कंपनी ने इस फैक्ट्री को नीलामी में केवल 50 करोड़ रुपये में खरीदा और उन्होंने दावा किया कि नीलामी प्रक्रिया में हेरफेर किया गया था। इसके लिए उन्होंने राज्य सहकारी बैंक पर भी निशाना साधा है।

**रोहित पवार का ट्वीट**

रोहित पवार ने ट्वीट किया है कि यह स्वाभिमानी महाराष्ट्र के प्रगतिशील विचारों का चेहरा है... जिन्होंने पीढ़ियों तक महाराष्ट्रीय धर्म को संरक्षित और पोषित किया है... महाराष्ट्र की धरती पर संघर्ष का एक लंबा इतिहास भी है क्योंकि इन महान विभूतियों ने हमें अन्याय के खिलाफ संघर्ष करना भी सिखाया है। इसलिए, एक मराठी व्यक्ति के रूप में, सभी को महाराष्ट्र के धर्म की रक्षा और संरक्षण के लिए संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा।

# पूर्व मंत्री गोपाल केसावत को सजा

**सिटी 24 न्यूज**

राजस्थान के पूर्व राज्य मंत्री गोपाल केसावत को चेक अनादरण मामले में दोषी मानते हुए अदालत में सजा सुनाई है। इस दौरान विशेष अदालत क्रम 12 महानगर प्रथम ने केसावत को चेक बाउंस होने के मामले में दोषी मानते हुए 1 साल की सजा और 20 लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। केसावत ने यह चेक उधार ली गई राशि को लौटते समय दिए। जो बाद में बाउंस हो गए।



**उधार की राशि लौटाने वाले चेक हुए बाउंस**

प्रकरण के अनुसार परिवादी ऋषिकेश शर्मा ने अदालत की शरण ली। जिसमें बताया कि उसने गोपाल केसावत को उनकी निजी जरूरत के लिए 15 लाख रुपए उधार दिए थे। इस दौरान बाद में जब परिवादी ने उधार दी गई राशि वापस मांगी तो, केसावत ने 2017 के अक्टूबर और नवंबर माह में दो चेक परिवादी को दिए। इन चेकों को बैंक में लगाने पर उनके खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण बाउंस हो गए।

**नोटिस देने के बाद भी केसावत ने नहीं लौटाई**

परिवादी ऋषिकेश शर्मा ने गोपाल केसावत की ओर से दिए गए दो चेकों को बैंक में लगाया। लेकिन बैंक ने यह कहकर लौटा दिया कि केसावत के बैंक के खाते में पर्याप्त राशि नहीं है। इसके बाद परिवादी ने केसावत को लीगल नोटिस भेज कर रुपए लौटाने को कहा। लेकिन उन्होंने रुपए नहीं लौटाए। इस पर परिवादी ने गोपाल केसावत के खिलाफ अदालत में केस किया। जिसकी सुनवाई के बाद गोपाल केसावत को दोषी मानते हुए 1 साल की सजा और 20 लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। इसके अलावा जुर्माना नही देने पर अभियुक्त को दो माह की अतिरिक्त कारावास की सजा देने के लिए आदेश दिए।

# ताजमहल के पीछे बसेगी टेंट सिटी, स्काई डाइविंग और हॉल बैलून का मजा भी ले सकेंगे सैलानी

**सिटी 24 न्यूज**

दुनिया के सात अजूबों में शामिल ताजमहल के पार्श्व में टेंट सिटी बनाई जाएगी। इसके लिए आगरा विकास प्राधिकरण ने प्रोजक्ट तैयार किया है। नैशनल इनवायरमेंटल एंड इंजीनियरिंग रिसर्च (नीरी) की टीम ने भी मौके पर निरीक्षण किया है। एक सप्ताह में नीरी एडीए को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद प्रोजक्ट पर काम शुरू हो जाएगा। टेंट सिटी संरक्षित स्मारक के प्रतिबंधित क्षेत्र से बाहर होगी। प्राधिकरण ने इसके लिए ग्यारह सीढ़ी के पास खाली पड़े मैदान को चिह्नित किया है। टेंट सिटी ताजमहल से 500 मीटर, महताब बाग से 300 मीटर, ग्यारह सीढ़ी से 300 मीटर और यमुना नदी से 100 मीटर दूरी पर होगी।

ताजमहल देखने आने वाले पर्यटकों का आकर्षण बढ़ाने के लिए एडीए ने महत्वपूर्ण पहल की है। ताज के पार्श्व महताब बाग के पास बनी ग्यारह सीढ़ी के मैदान में 4 एकड़ भूमि पर टेंट सिटी डेवलेप की जाएगी। एडीए उपाध्यक्ष चर्चित गौड़ ने बताया कि प्रोजेक्ट तैयार किया जा चुका है। नीरी टीम ने 5 दिसंबर को स्थलीय निरीक्षण कर लिया है। टेंट सिटी बनाने के लिए 4 कंपनियों ने भी अपना प्रजेंटेशन दिया है। अगले सप्ताह नीरी की रिपोर्ट उन्हें मिल जाएगी। इसके बाद कितने टेंट लगाए जाएंगे। क्या-क्या सुविधाएं पर्यटकों को दी जाएंगी, इसकी जानकारी दी जाएगी।

**एक साथ 3 स्मारकों को दीदार कर सकेंगे**

एडीए वीसी ने बताया कि नीरी की रिपोर्ट आने के बाद राष्ट्रीय स्मारक अथॉरिटी (एनएमए) से एनओसी के लिए आवेदन किया जायेगा। इसके बाद टेंडर जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सब कुछ ठीक रहा तो मई के बाद टेंट सिटी का काम शुरू कर दिया जाएगा। ग्यारह सीढी के पास से ताजमहल का व्यू शानदार दिखाई देता है। टेंट सिटी बनने के बाद पर्यटकों का प्रवास भी बढ़ जायेगा। यहां पहुंचने वाले पर्यटकों को एक बेहतर अनुभव मिलेगा। पर्यटक एक साथ 3 स्मारकों को दीदार कर सकेंगे।



**फरवरी में शुरू होगी स्काई डाइविंग**


चर्चित गौड़ ने बताया कि ताज नगरी आने वाले पर्यटकों के लिए एक खास रोमांच की तैयारी की जा रही है। आगरा किला और ताजमहल के बीच चंद्रशेखर पार्क के पास स्काई डाइविंग की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए हैदराबाद की कंपनी से करार किया जा चुका है। फरवरी माह में ताज महोत्सव से पहले स्काई डाइविंग शुरू की जाएगी। इसके अलावा हॉट एयर बैलून यात्रा के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दी जा चुकी है। पर्यटक 2 से 3 किमी के दायरे में ताजमहल के आसपास हॉट बैलून से यात्रा कर सकेंगे।

# दामाद का सास पर आया दिल, इश्क में रोड़ा बनी 7 साल की साली तो हैवान बने इशकजादे

**सिटी 24 न्यूज**

गया जिले में मोहनपुर थाना क्षेत्र के बासुकुरहा गांव में एक युवक अपनी सास के साथ ही गंदा काम कर रहा था। इस दौरान 7 साल की साली ने दोनों को आपततिजनक अवस्था में देख लिया, तो युवक ने उसकी हत्या कर लाश को नदी किनारे गाड़ दिया। लेकिन पुलिस जांच में जब उसकी कलई खुली, तो सारा राज सामने आ गया।

दरअसल, यह पूरा मामला गया में गुरुवार को बासुकुरहा गांव के पास नदी में गड़ा बच्ची का शव मिलने के बाद सामने में आया। बच्ची की पहचान रामजीत मांझी की सात वर्षीय पुत्री रिया कुमारी के रूप में हुई। बच्ची के पिता ने 31 दिसंबर को ही उसके गायब होने की प्राथमिकी मोहनपुर थाने में दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने खोजबीन शुरू की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पा रहा था। लेकिन शक के आधार पर बासुकुरहा गांव के सुदेश पासवान को बुधवार की रात गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली। उसने रिया की गला दबाकर हत्या कर नदी में गाड़ देने की बात स्वीकार कर ली।



**प्रेम-प्रसंग की सच्चाई सामने आने पर हत्या**

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार सुदेश की निशानदेही पर बच्ची का शव बरामद किया गया। मृतका रिया की मां अनूप देवी और आरोपी सुदेश के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बच्ची ने दोनों को आपततिजनक स्थिति में देख लिया था। इसलिए उसकी हत्या कर दी गई। अनूप देवी को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

**पिता बोले-पत्नी को साजिश के तहत फंसाया जा रहा**

दूसरी तरफ मृतका के पिता रामजीत मांझी ने बताया कि वह काम के लिए बाहर गया था। बच्ची की गायब होने की सूचना पर घर पहुंचा। पत्नी पर लगे आरोप पर कहा कि उसे साजिश के तहत फंसाया जा रहा है।

# अगले दो दिन रजाई मत हटाइए... मौसम और बिगड़ने वाला है, जानें क्या है मौसम विभाग की भविष्यवाणी

**सिटी 24 न्यूज**

दिल्ली-एनसीआर के साथ ही उत्तर भारत में शीतलहर चल रही है। इसकी वजह से अधिकतर लोग घरों में ही रजाई में दुबकने को मजबूर हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली में शीतलहर को लेकर शुक्रवार के लिए येलो और शनिवार के लिए ऑरेन्ज अलर्ट तक जारी किया है। ऐसे में साफ है कि सर्दियों में मौसम अभी और बिगड़ने वाला है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में भीषण ठंड की स्थिति जारी रहने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि अगले तीन दिनों के दौरान देश के उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भागों के मैदानी इलाकों के कुछ हिस्सों में घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति होने की संभावना है।

**दिल्ली में दो साल में सबसे ठंडा दिन**

दिल्ली में गुरुवार को पिछले दो साल का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया। राजधानी के सफदजंग इलाके में न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री सेलसियस था। यह सामान्य से 7 डिग्री सेलसियस कम है। राजधानी में कोहरे की चादर ने दिन भर सूरज की रोशनी को ढंके रखा। इसके अलावा ठंडी उत्तरी हवाओं ने ठंड बढ़ा दी। इससे दिल्ली में पिछले दो साल में सबसे ठंडी रही। मौसम विभाग ने इसे गंभीर कोल्ड डे के साथ ही मौसम का पहला ठंडा दिन करार दिया।

**उत्तर भारत में आज कैसा है मौसम**

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले 3 दिनों के दौरान मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री सेलसियस तक बढ़ने की संभावना है। आईएमडी ने कहा है कि आज सुबह हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी मध्य प्रदेश में बहुत घना कोहरा देखा गया। इसमें कहा गया है, राजस्थान, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, जम्मू और पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में और पंजाब और दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा देखा गया। आज सुबह 5.30 बजे हरियाणा के अंबाला, उत्तर प्रदेश के बरेली और मध्य प्रदेश के सागर में विजिबिलिटी 25 मीटर दर्ज की गई।

**कोहरे का कितना असर**

उत्तर भारत में शीतलहर के साथ हल्के से घना कोहरा भी देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पंजाब के अमृतसर, दिल्ली के पालम और राजस्थान के चुरू में विजिबिलिटी 50 मीटर दर्ज की गई। इसके साथ ही राजस्थान में जयपुर, अजमेर, कोटा, उदयपुर, उत्तर प्रदेश में बहराइच और गोरखपुर, और बिहार में गया और पूर्णिया में भी विजिबिलिटी 50 मीटर के करीब दर्ज की गई।

**बारिश को लेकर क्या है भविष्यवाणी**

मौसम विभाग का कहना है कि 8 जनवरी को बादल छाए रहने का अनुमान हैं। वहीं, दिल्ली और आसपास के क्षेत्र में 9 जनवरी को हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम की जानकारी देने वाली प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काइमेट के अनुसार एक वेस्टर्न डिस्टबेंस हिमालय के करीब आ रहा है। इसकी वजह से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। ऐसे में 9 जनवरी तक हल्की बारिश हो सकती है। इसके बाद से मौसम में बदलाव आएगा।



# जबरिया शादी, सुहागरात और सीक्रेट तस्वीरें... 45 दिन बाद लौटी लापता लेडी कॉन्स्टेबल के केस में पल-पल आ रहे ट्विस्ट



**सिटी 24 न्यूज**

एमपी के सतना जिले में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिससे पुलिस के होश उड़ गए है। पीटीएस रीवा से चुनाव के लिए पुलिस लाइन थाना सतना भेजी गई एक लेडी कॉन्स्टेबल रहस्मयी तरीके से गायब हो गई थी। अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है। दरअसल, चुनाव के बाद नए कॉन्स्टेबल को छुट्टी दी गई थी। छुट्टी के बाद लेडी कॉन्स्टेबल अपने घर नहीं पहुंची तो उसका फोन भी नहीं लगा। इससे लेडी कॉन्स्टेबल के परिजन परेशान हो गए।

दरअसल, 19 नवंबर के बाद कोई संपर्क नहीं होने पर परेशान होकर परिवार वाले सतना पुलिस लाइन में पहुंचे। इसके बाद गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया है। इस दौरान उसके बारे में कुछ जानकारी नहीं मिली। डेढ़ महीने बाद दो जनवरी को लेडी कॉन्स्टेबल सतना लौटी। साथ ही कहा कि वह अपने मित्र के साथ बाहर चली गई थी और शादी कर ली है। साथ ही उसने शादी के प्रमाण भी सौंपे हैं। इसके बाद आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

**प्रेमी ने वायरल कर दी प्राइवेट तस्वीर**

इस बीच उसके तथाकथित पति और प्रेमी ने सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो वायरल कर दिए। इसके बाद लेडी कॉन्स्टेबल एसपी के पास पहुंची और आपबीती सुनाई है। उसने बताया कि प्रदीप खरे नामक युवक पिछले 6 महीने से परेशान कर रहा था। सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती कर नजदीकियां बढ़ाई और फोटो वीडियो बना लिए। 19 नवंबर को आरोपी ने फोन कर मिलने के लिए कहा। इसके बाद फोन लेकर कोई चीज सुंघा दिया।

**गाजियाबाद में खुद को पाया**

कॉन्स्टेबल ने कहा कि इसके बाद मैं बेहोश हो गई। होश आने के बाद मैंने खुद को गाजियाबाद में पाया। वहां आरोपी ने मुझ पर शादी का दबाव बनाया। इनकार करने पर मारपीट की। गाजियाबाद से ग्वालियर लौटने पर आरोपी ने अपने मामा भरत की सलाह पर रजिस्टर्ड शादी कर ली। इसके साथ ही आरोपी के पास कुछ आपततिजनक फोटो और वीडियो हैं, जिसकी वजह से मैं कुछ नहीं कर पाई। वह वायरल करने की धमकी देकर पैसे भी ऐंठ लिए हैं। अब पीड़ित कॉन्स्टेबल ने सीनियर अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

# इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी की बीच वाली तस्वीर अचानक क्यों होने लगी ट्रेंड

सोशल मीडिया पर आज मेलोडी ट्रेंड कर रहा है। इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी आज अचानक ट्रेंड करने लगीं। एक्स पर लोग उनकी एक तस्वीर शेयर कर रहे हैं। इस फोटो में मेलोनी समुद्र किनारे साफ-सफाई करती नजर आ रही हैं। इस तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा है कि मैं अचानक से समुद्र के किनारे को प्यार करने लगी हूं। लोग इस तस्वीर को अलग-अलग तरीके से शेयर कर रहे हैं। तो क्या मेलोनी की ये तस्वीर सच है। या फिर सोशल मीडिया फेक तस्वीर को शेयर किया जा रहा है। इसके लिए हमने खोजबीनी की। एक्स पर शेयर इस फोटो को मेलोनी के एक्स अकाउंट से ट्वीट दिया गया है। लेकिन जब हम उनके सोशल मीडिया हैंडल पर गए तो उन्होंने अपना आखिरी ट्वीट 17 घंटे पहले किया है। इस ट्वीट में वो अपनी मुस्कुराती हुई तस्वीर लगाई हैं। यही नहीं उनकी पूरी टाइमलाइन में समुंदर किनारे वाली कोई भी तस्वीर नहीं दिख रही है। मेलोनी के ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर ये तस्वीर नहीं है। हमने उनके पूरे दिसंबर महीने की टाइमलाइन खंगाल ली लेकिन ऐसा कोई भी ट्वीट नजर नहीं आया। क्रिसमस के एक ट्वीट में मेलोनी अपनी बेटी के साथ नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर जो तस्वीर ट्रेंड कर रहा है, उसमे मेलोनी हाथ में छोटी सी बाल्टी ली हुई नजर आ रही हैं और उनकी आंख पर काले रंग का चश्मा चढ़ा हुआ है।

**ट्रेंड वाली तस्वीर का सच क्या है? :** ऐसा लगता है कि सोशल मीडिया पर लोग मेलोनी की फेक तस्वीरें पोस्ट कर रहे हैं। उनका एक्स हैंडल भी गलत है। क्योंकि इटली के पीएम के ऑफिशियल हैंडल पर उनकी कोई भी तस्वीर ऐसी नहीं है। सोशल मीडिया पर ये तस्वीर 4 जनवरी की दिख रही है। लेकिन मेलोनी ने कोई भी ऐसा ट्वीट नहीं किया है। यानी जो सोशल मीडिया पर जो ट्रेंड कर रहा है, वो तस्वीर सही नहीं है।

# सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचना है विकसित भारत-संकल्प यात्रा का ध्येय : मुख्य सचिव संजीव कौशल

**मुख्य सचिव हरियाणा ने जिला नूंह के दौरे के दौरान गांव सलाहेड़ी में आयोजित विकसित भारत-संकल्प यात्रा का किया निरीक्षण व लाभपात्रों से की बात**



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** मुख्य सचिव हरियाणा संजीव कौशल शुक्रवार को जिला नूंह के दौरे के दौरान गांव सालाहेड़ी में आयोजित विकसित भारत-संकल्प यात्रा एवं जनसंवाद कार्यक्रम पहुंचे व विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा पात्र लोगों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक विभाग की योजनाओं व लाभपात्रों को दिए जा रहे लाभ के बारे में जानकारी ली व लाभपात्रों से भी बात की।

मुख्य सचिव ने कार्यक्रम का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में बताया कि विकसित भारत-संकल्प यात्रा के माध्यम से गरीब व वंचित लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। इसमें अनेक लोगों को उनके घर-द्वार व गांवों में योजनाओं का लाभ मिला है, ताकि वे मुख्यधारा में शामिल हो सकें। इस यात्रा के दौरान केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान व चिरायु योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि, उज्ज्वला योजना, पीपीपी की त्रुटियां दूर करने, स्वास्थ्य जांच, ड्रोन तकनीक से खेती करने सहित अनेक योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ व जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि देश को विकसित राष्ट्रों की सूची में शामिल करने के लिए नवीनतम योजनओं पर काम किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। आधार कार्ड अपडेट किए जा रहे है। महिलाओं को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ दिया जा रहा है, ताकि माता-बहनों का जीवन सरल हो। यहां पर विभिन्न विभागों के 25 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से ग्रामीण विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर उनके साथ वित्त एवं योजना विभाग के एसीएस अनुराग रस्तोगी, गुरुग्राम मंडल के आयुक्त एवं मेवात विकास एजेंसी के चेयरमैन आरसी बिधान, उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा, अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन, प्रशिक्षु आईएएस राहुल, जिला परिषद के सीईओ प्रदीप अहलावत व सीएमजीजीए वैभव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्य सचिव संजीव कौशल ने 18 इलेक्ट्रिक स्कूटियों के साथ महिला सुपरवाइजर्स को फील्ड में किया रवाना

**कहा, महिला सुपरवाइजर्स को दूर-दराज के क्षेत्रों व गांवों में स्थित आंगनवाड़ियों की चेकिंग करने में होगी आसानी**



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** मुख्य सचिव हरियाणा संजीव कौशल ने शुक्रवार को जिला नूंह के लघु सचिवालय से नीति आयोग की ओर से एमडीए के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग की महिला सुपरवाइजर्स को 18 इलेक्ट्रिक स्कूटियों की चाबी सौंपकर उन्हें फील्ड में रवाना किया।

मुख्य सचिव ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि महिला सुपरवाइजर्स का काम फील्ड का रहता है। इन स्कूटियों से महिला सुपरवाइजर्स को दूर-दराज के क्षेत्रों व गांवों में स्थित आंगनवाड़ियों की चेकिंग, टीकाकरण अभियान को सफल बनाने, महिला एवं बच्चों के पंजीकरण संबंधी कार्य को अच्छी प्रकार से करने में आसानी होगी। गांवों में जाने व गांव के अंदर स्थित आंगनवाड़ी सेंटर्स तक पहुंचने में कई बार सुपरवाइर को काफी दिक्कती का सामना करना पड़ता था और एक साथ या एक दिन में कई गांवों की चेकिंग भी करना मुश्किल होता था। इसलिए इन स्कूटी के माध्यम से गांवों में स्थित आंगनवाड़ियों तक पहुंचने में उन्हें आसानी होगी और वे पहले अधिक अच्छा कार्य करने में सक्षम होंगी। स्कूटी देने का मुख्य उद्देश्य इनके कार्यों को सरल और सुगम बनाना है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी सुपरवाइजर एक दिन में ज्यादा आंगनवाड़ी केंद्र को सुपरवाइज नहीं कर पाती थी। आकांक्षी जिला नूंह में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य व बच्चों पर राज्य व केंद्र सरकार काफी ध्यान दे रही हैं। साथ ही सीएसआर के तहत भी ऐसे कार्यक्रमों पर फोकस किया जा रहा है। आंगनवाड़ी केंद्रों को भी मॉडिफाइ किया जा रहा है ताकि आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र बनाया जा सकें। इस अवसर पर उनके साथ इस अवसर पर उनके साथ वित्त एवं योजना विभाग के एसीएस अनुराग रस्तोगी, गुरुग्राम मंडल के आयुक्त एवं मेवात विकास एजेंसी के चेयरमैन आरसी बिधान, उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा, अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन, प्रशिक्षु आईएएस राहुल, जिला परिषद के सीईओ प्रदीप अहलावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ लेकर पहुंच रही मोदी की गारंटी वाली गाड़ी



**शुक्रवार को जिला के सात गांवों में आयोजित किए गए कार्यक्रम**

**मौके पर सभी ने ली हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ**

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जरूरतमंद एवं गरीब पात्र व्यक्ति तक केन्द्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा अहम साबित हो रही है। यात्रा के तहत गांवों में हजारों लोगों ने योजनाओं का लाभ प्राप्त किया है या फिर योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है। मोदी की गारंटी वाली ये गाडिय़ां लोगों के जीवन में खुशहाली ला रही हैं। एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा पुन्हाना शहर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं पर सबसे पहला हक गरीब एवं जरूरतमंद पात्र व्यक्ति है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की ओर से पात्र नागरिकों को लाभ देने के लिए ही योजनाओं की शुरूआत की जाती है। ऐसे में प्रत्येक पात्र व्यक्ति का हक है कि उसे योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए सरकार की ओर से व्यवस्था की जा रही है। इस दौरान लोगों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाया गया है। किसी का परिवार पहचान पत्र ठीक किया गया है तो किसी को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने लोगों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई और पात्र लोगों को योजनाओं के लाभ का प्रमाण पत्र व उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया।

पूर्व विधायक नसीम अहमद व नगरपालिका चेयरमैन मनीष जैन फिरोजपुर झिरका में आयोजित कार्यकम में कहा कि देश को पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाने में विकसित भारत संकल्प यात्रा मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत पूरी तरह से विकसित व आत्मनिर्भर के सपने को साकार करेगा। पूर्व विधायक नसीम अहमद शुक्रवार को फिरोजपुर-झिरका शहर में विकसित भारत यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपना संबोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश की आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर वर्ष 2047 में देश पूरी तरह से आत्मनिर्भर और विकसित बने। इसके लिए देश के सभी नागरिकों का योगदान अत्यंत जरूरी है। उन्होंने इस अवसर पर ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलाई।

नगरपालिका चेयरमैन मनीष जैन ने कहा कि योग्यता के आधार पर युवाओं को रोजगार मिल रहा है और गरीब और जरूरतमंद व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं का लाभ अविलंब दिया जा रहा है। किसान को फसल का उचित दाम मिल रहा है। देश के विकास में सभी का योगदान जरूरी है। वह दिन दूर नहीं जब भारत पूरी तरह से आत्मनिर्भर होगा। सरकार का प्रयास है कि हर जरूरतमंद और पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। कोई भी व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। रथ यात्रा के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की पात्र महिलाओं को निशुल्क गैस कनैक्शन भेंट किए। इसके साथ-साथ उन्होंने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्कूली बच्चों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, कलाकारों, खिलाडिय़ों को प्रशसति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

# मुख्य सचिव संजीव कौशल ने की नूंह में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा



**कहा, सभी विभाग विकास कार्यों के लक्ष्य व समय सीमा तय करें तथा बेहतर कार्य से नूंह अग्रणी जिला बनाएं**

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** मुख्य सचिव हरियाणा संजीव कौशल ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हाल में आकांक्षी जिला कार्यक्रम नूंह की समीक्षा बैठक की, जिसमें उनके साथ वित्त एवं योजना विभाग के एसीएस अनुराग रस्तोगी, गुरुग्राम मंडल के आयुक्त एवं मेवात विकास एजेंसी के चेयरमैन आरसी बिधान, उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा, अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन, प्रशिक्षु आईएएस राहुल, जिला परिषद के सीईओ प्रदीप अहलावत व सीएमजीजीए वैभव सहित जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव ने समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल स्त्रोत व बेसिक इंस्फ्रास्ट्रक्चर पर विस्तृत समीक्षा की और कहा कि नीति आयोग द्वारा नूंह जिला के विकास पर अधिक फोकस किया जा रहा है। भारत सरकार व हरियाणा सरकार भी नीति आयोग के नार्म्स अनुसार नूंह जिला के विकास के लिए कार्य कर रही हैं। उन्होंने उपायुक्त को निर्देश दिए कि सभी जरूरी बिंदुओं पर कार्य करते हुए इसके प्रस्ताव सरकार को भिजवाएं जाएं, ताकि सभी कार्यक्रमों व योजनाओं पर त्वरित कार्यवाही की जा सके। उन्होंने कहा कि सभी विभाग विकास कार्यों के लक्ष्य व समय सीमा तय करें तथा उस योजना व कार्यक्रम पर स्टेट की स्थिति से बेहतर कार्य करें, तभी नूंह को अग्रणी जिला की श्रेणी में शामिल किया जा सकता है।

मुख्य सचिव ने कहा कि स्वास्थ्य एवं पोषण पर स्वास्थ्य विभाग जमीनी स्तर पर कार्य करे। महिलाओं की संस्थागत डिलीवरी के आंकड़े अच्छे हैं, इसे निरंतर बनाए रखा जाए। गर्भवती महिलाओं के पोषण पर पूरा ध्यान दिया जाए। बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कहा कि बच्चों की शिक्षा, उनके कौशल विकास पर पूरा काम किया जाए। बालिका वाहिनी शुरू करने से लड़कियों का स्कूलों से ड्राप आउट कम हुआ है, इस प्रकार के कार्यक्रम को और विस्तृत किया जा सकता है। शिक्षा सहायक के भी सकारात्मक परिणाम आने शुरू हुए हैं। उन्होंने कहा कि नूंह जिला में अच्छी गुणवता के टमाटर व प्याज की खेती होती है। इन किसानों को भावांतर योजना का लाभ जरूर दिया जाए। इसके साथ ही यहां पर बड़ी सब्जी मंडी तैयार करने जैसे प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भिजवाए जाएं। खेतों में फव्वारा पद्धति से सिंचाई की योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जाए। मिकाडा के माध्यम से गांव आकेड़ा में कैनाल बेस्ड इस योजना पर कार्य शुरू हो चुका है, जोकि मार्च तक पूरा हो जाएगा। इसी प्रकार कृषि विभाग के अधिकारी किसानों को फसल बीमा योजना से भी अवश्य जोड़े, इसके लिए जरूरी आईईसी गतिविधियां बढाएं। किसानों के सॉयल हेल्थ कार्ड बनाएं। पशुपालन विभाग पशुधन योजना को बढ़ावा दें तथा इसके लिए जरूरी सबसिडी व ऋण आदि उपलब्ध करवाएं। नूंह क्षेत्र में स्किल डेवल्पमेंट पर काम की अपार संभावनाएं हैं, जिसमें ड्राइविंग मुख्य हैं। इस योजना पर भी काम किया जाए।

# कम्पनी के वेयरहाउस से कार्बोरेटर चोरी करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** अपराध शाखा-1 रेवाड़ी इंचार्ज इंस्पेक्टर सुमेर सिंह की टीम ने एचएसआईआईडीसी बावल के सेक्टर-5 स्थित यूकैल लिमिटेड कम्पनी के वेयरहाउस से कार्बोरेटर चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान यूपी के जिला प्रयागराज के गांव चौकठा नरवर निवासी शैलेश पाल पुत्र सुजीत पाल, मिथुन पुत्र बैजनाथ तथा जिला गुरुग्राम के गांव पलड़ा निवासी दिनेश पुत्र जगमाल के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि बावल के सेक्टर-5 स्थित यूकैल लिमिटेड कम्पनी के प्लांट हेड जे.के.शर्मा ने अपनी शिकायत में बताया कि दिनांक 24/25 दिसंबर 2023 की रात्रि को उनकी कम्पनी के वेयरहाउस से कार्बोरेटर 34 बाक्स चोरी कर लिए है। जिनकी कीमत करीब 10 लाख रुपये है। जिस पर पुलिस ने थाना कसौला में चोरी का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जो इस मामले में अपराध शाखा-1 रेवाड़ी पुलिस ने उपरोक्त तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को पेश अदालत करके पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

## अदालत द्वारा उद्घोषित आरोपी गिरफ्तार

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए रेवाड़ी पुलिस के पीओं स्टाफ ने थाना बावल में दर्ज वर्ष 2017 में पशु क्रुरता के मामले में अदालत द्वारा उद्घोषित किए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला नूह के गांव दोहा निवासी असलम पुत्र हुसैन दीन के रूप में हुई है। आरोपी उपरोक्त मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था। जिस पर माननीय अदालत द्वारा उसे पीओ घोषित कर दिया था। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना बावल में अलग से अभियोग धारा 174 ए आईपीसी के तहत भी अंकित किया गया था। जो इस मामले में पुलिस ने वीरवार को आरोपी असलम पुत्र हुसैन दीन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है।

# परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, श्रम मंत्री अनूप धानक व मुख्य सचिव संजीव कौशल ने जाकिर हुसैन की माता के निधन पर जताया शोक, परिजनों को दी सांत्वना



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** परिवहन व खनन मंत्री मूलचंद शर्मा, श्रम मंत्री अनूप धानक व मुख्य सचिव हरियाणा संजीव कौशल, एसीएस अनुराग रस्तोगी, आयुक्त गुरुग्राम आरसी बिधान, उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने शुक्रवार को जाकिर हुसैन के नूंह स्थित निवास स्थान पर पहुंचकर उनकी माता स्व. जमीला बेगम के आकस्मिक निधन पर शोक जताया व परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, श्रम मंत्री अनूप धानक व मुख्य सचिव संजीव कौशल ने जाकिर हुसैन व उनके परिवार वालों को सांत्वना देते हुए कहा कि स्व. जमीला बेगम की सादगी, सरलता और उनके द्वारा गरीबों व बेसहारा लोगों के लिए किए गए कार्य व प्रयास सराहनीय रहे हैं। वे अपने द्वारा किए गए अच्छे कार्यों के लिए हमेशा याद की जाएंगी। बड़े परिवार से होते हुए भी उनमें जो सादगी और भलाई थी, उन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। वे इस दुख की घड़ी में उनके साथ हैं। स्व. जमीला बैगम बहुत ही मिलनसार, सरल स्वभाव की धनी व जनसेवा करने वाली महिला थी। उनके निधन से मेवात क्षेत्र को बड़ी क्षति हुई है। उल्लेखनीय है कि बीते रविवार को मेदांता अस्पताल में स्व. जमीला का उपचार के दौरान देहांत हो गया था। वे लगभग 86 वर्ष की थी।

# बिहार गुजरात की तर्ज पर पूरे देश में शराब पर पाबंदी लगे : सोमाणी




**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** गत दिवस राष्ट्रीय नवचेतना मंच के संयोजक जननेता विजय कुमार सोमाणी व उनके साथ राष्ट्रीय नवचेतना मंच के पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार व अमित कुमार नारनौल के वरिष्ठ नेता संदीप नुनिवाल के साथ विभिन्न सरोकार में शामिल हुए। महेंद्रगढ़ के पूर्व जिला प्रमुख भाई राम सिंह यादव व कौशिक साहब के निवास पर भारत मां पुस्तक का विमोचन किया। ततपश्चात गोपाल शरण गर्ग के प्रतिष्ठान पर पहुंचने पर माला व पटका पहनकर स्वागत किया गया। नारनौल के पूर्व अध्यक्ष किशन चौधरी व जिला सेशन जज श्रीमान मित्तल साहब के यहां पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए व परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। श्री सोमाणी ने बताया कि राष्ट्रीय नव चेतना मंच संगठन के विस्तार के लिए करीब पांच दर्जन लोगों से आने वाले 2024 के चुनाव को लेकर लोगों के विचार जाने व आने वाले चुनाव में समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित लोगों को सहयोग देने के लिए आवाहन किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय नवचेतना मंच पिछले 40 वर्षों से समाज के लिए विभिन्न विचारधाराओं के लोगों को एक मंच पर लाने के लिए संघर्षरत रहा है। आज देश में जातिवाद गुटबाजी परम सीमा पर है। समाज में लोगों ने जहां आदर्श स्थापित करके अपने कार्यों के बल पर समाज में स्थान बनाने की परिपाटी को छोड़कर विभिन्न पार्टियों में घुसने की होड़ मची हुई है। इससे गरीब और अच्छे व्यक्ति राजनीति से पलायन कर गए। हमें अपनी संस्कृति अपने धर्म अपने क्षेत्र के युवाओं को बचाना है, क्योंकि आज चारों तरफ नशाखोरी का आलम है। एक मां-बाप के एक या दो संतान होती हैं और वह भी जब नशे की शिकार हो जाती है तो दो पीढियाँ एक साथ खराब हो जाती है। नारनौल के दौरे पर श्री सोमाणी ने भारत सरकार से मांग की जिस तरीके से बिहार व गुजरात में नशाबंदी लागू है उसी ढंग से पूरे भारत में नशाबंदी लागू होनी चाहिए।

# गौ माता को सड़कों पर न छोड़ें : डॉ बनवारीलाल

## गौ शालाओं को दिए 13 लाख का अनुदान

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार में सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि गाय का भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। गाय भारत की आस्था और अर्थव्यवस्था की धुरी, आध्यात्मिक-सांस्कृतिक उन्नति की आधार है। सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल शुक्रवार को गौ सेवा आयोग हरियाणा की ओर से गांव बगथला स्थित नंदेश्वर गौशाला, गांव सांझरपुर स्थित बाबा हंसनाथ गौशाला, गांव मामडिय़ा आसमपुर स्थित गौपाल कृष्ण गौशाल व रालियावास स्थित गौशाला में आयोजित चारा अनुदान वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि गाय को भारत देश में मां के रूप में जाना जाता है और देवताओं की तरह उसकी पूजा होती है। गाय भारत के लिए केवल एक पशु नहीं है, बल्कि जन-जन की आस्था का केन्द्र है। गौवंश संवर्धन देश की जरूरत है। गाय के संरक्षण, संवर्धन का कार्य मात्र किसी एक मत, धर्म, संप्रदाय या सरकार का नहीं है बल्कि गाय भारत की संस्कृति है और संस्कृति को बचाने का काम देश में रहने वाले हर एक नागरिक, चाहे वह किसी भी धर्म की उपासना करने वाला हो, की जिम्मेदारी है। प्राचीन काल से ही गाय भारतीय संस्कृति व परंपरा का मूल आधार रही है। गंगा, गोमती, गीता, गोविंद की भांति शास्त्रों में गाय भी अत्यंत पवित्र मानी गई है। गोपालन व गौ-सेवा तथा गोदान की हमारी संस्कृति में महान परंपरा रही है। उन्होंने सभी से गोमाता और गोवंशों की सेवा और उनके संरक्षण के लिए संकलपित होने का आह्वान किया। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि गौ-सेवा भी सुख व समृद्धि का एक मार्ग है। वेद-पुराण, स्मृतियां सभी गौ-सेवा की उत्कृष्टता से ओत-प्रोत हैं। भारतीय संस्कृति के अनुसार धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष पुरुषार्थों का साधन भी गौमाता ही रही हैं। दरअसल भारत की संस्कृति मूल रूप से गौ-संस्कृति कही जाती है। गाय श्रद्धा के साथ-साथ हमारी अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य एवं संस्कृति का प्रमुख आधार है। गाय एकमात्र ऐसा पशु है जिसका सब कुछ सभी की सेवा में काम आता है। गाय का दूध, मूत्र, गोबर के अलावा दूध से निकला घी, दही, छाछ, मक्खन आदि सभी बहुत ही उपयोगी हैं। उन्होंने आह्वान किया कि आमजन यह सुनिश्चित करें कि गोमाता सहित समस्त गोवंश सडक़ों पर न आवारा न भटकें और वाहनों आदि से टकरा कर घायल न हों। उन्होंने बगथला गौशाला के लिए 7 लाख 54 हजार, रालियावास स्थित गौशाला के लिए 2 लाख 83 हजार व सांझरपुर गौशाला के लिए 2 लाख 83 हजार की राशि गौमाता की सेवा के लिए गौशाला कमेटी को देने की घोषणा की।

# अंत्योदय' व 'समान' विकास की विचारधारा के साथ काम कर रही गठबंधन सरकार : अनूप धानक

## राज्य मंत्री अनूप धानक ने 14 परिवादों में से मौके पर ही निपटाए एक दर्जन परिवाद

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार में श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक ने कहा कि हरियाणा में भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में प्रदेश की जनता से किए वादों को पूरा करते हुए उनकी उम्मीदों पर खरा उतर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 'अंत्योदय' व 'समान' विकास की विचारधारा के साथ काम कर रही है। योजनाबद्ध तरीके से कदम बढ़ाते हुए सरकार लोगों को सरकारी सुविधाएं एवं सेवाएं उनके घर द्वार पर ही प्रदान कर रही है। श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक शुक्रवार को शहर के बाल भवन में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में परिवादियों से सीधा संवाद करते हुए उनकी शिकायतें सुनने उपरांत पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर श्रम विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाएं। उन्होंने रेवाड़ी के सेक्टर 18 के निवासियों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को चाहिए कि वे सरकार द्वारा लागू योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से सुनिश्चित करें ताकि उनका लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच सके।

राज्यमंत्री अनूप धानक ने कहा कि सरकार की ओर से न सिर्फ प्रदेश की जनता की शिकायतों और समस्याओं की सुनवाई की जा रही है, बल्कि उनका प्राथमिकता के आधार पर तेजी से निस्तारण भी सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए प्रदेश में श्रम एवं रोजगार सहित अन्य विभागों से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक सुगमता व सरलता से पहुंचाया जा रहा है। श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक ने परिवेदना समिति की बैठक में रखे गए कुल 14 परिवाद में से 12 परिवादों का मौके पर ही निपटान करते हुए शेष 2 परिवादों का समाधान अगली बैठक तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन की ओर से डीसी राहुल हुड्डा ने श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष हुकमचंद यादव, जेजेपी जिला अध्यक्ष विजय सिंह, श्याम सुंदर सभ्रवाल, रामपाल, प्रशासन की ओर से डीसी राहुल हुड्डा, एडीसी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल, एसडीएम रेवाड़ी होशियार सिंह, एसडीएम बावल डा. जितेंद्र सिंह, एसडीएम कोसली जयप्रकाश, डीएमसी उदय सिंह, सीटीएम लोकेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नववर्ष पर कोसलीवासियों को मिला हरियाणा सरकार का 'मनोहर' तोहफा




**विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कोसली से आगरा व हरिद्वार के लिए चलने वाली बस को दिखाई हरी झंडी।**

**सरकार प्रदेशवासियों को सुगम, सुरक्षित व आरामदायक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्ध : लक्ष्मण सिंह यादव**

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार ने कोसलीवासियों को नववर्ष को 'मनोहर' तोहफा देते हुए कोसली से आगरा व हरिद्वार के लिए सीधी बस सेवा का संचालन शुरू किया है। कोसली के विधायक लक्ष्मण सिंह ने शुक्रवार को हरियाणा राज्य परिवहन की दो बसों को कोसली बस स्टैंड से आगरा व हरिद्वार के लिए हर झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि सरकार सुगम, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सभी नागरिकों का अधिकार है।

प्रदेश सरकार प्रदेशवासियों को सुगम सुरक्षित व आरामदायक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्ध है। सरकार ने यात्रियों की सुविधा के लिए सडक़ तंत्र की कनेक्टिविटी को बहुत आसान व सरल किया है। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि एक यात्री जिस आशा और विश्वास के साथ हरियाणा राज्य परिवहन की बसों में यात्रा करता है चालक-परिचालक का कर्तव्य बनता है कि वे उस यात्री के विश्वास पर खरा उतरे और अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करते हुए उसे सशकुल उसके गंतव्य तक पहुंचाएं।

उन्होंने कहा कि आगरा व हरिद्वार तक बस चलने से कोसलीवासियों को सीधी बस सुविधा में और इजाफा होगा, जिसका लाभ यात्रियों को मिलेगा। उन्होंने जीएम रोडवेज को कोसली से श्री खाटूधाम के लिए भी 2 दिन में बस सेवा शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 14 करोड़ की लागत से कोसली रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार हो रहा है। इस अवसर पर एसडीएम कोसली जयप्रकाश, जीएम रोडवेज सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति व अधिकारीगण मौजूद रहे।

# एडीसी स्वपनिल रविंद्र पाटिल ने की एमएसएमई बैठक की अध्यक्षता



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला एमएसएमई केन्द्र रेवाड़ी की ओर से अतिरिक्त उपायुक्त स्वपनिल रविन्द्र पाटिल की अध्यक्षता मे लघु सचिवालय में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बैठक में पीएमएफएमआई स्कीम के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस स्कीम में असंगठित क्षेत्र की खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को नए तथा पहले से स्थापित उद्यमों को मशीनरी खरीदने पर 35 प्रतिशत या अधिकतम 10 लाख रुपये तक की सबसिडी प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत स्वयं सहायता समूह को एसएचजीबी भी प्रारंभिक पूंजी व हैंड होलडिंग स्पोर्ट के लिए प्रत्येक सदस्य को 40 हजार रुपए की राशि प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत ब्रांडिग एवं मार्केटिंग पर 50 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है।

इस योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र तथा बैंक विवरण सहित आवेदन कर सकता है। इस स्कीम के तहत नमकीन उद्योग, सरसों आधारित उद्योग, पापड़ उद्योग, मसाला उद्योग, डेयरी आदि खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्योग स्थापित किये जा सकते है। बैठक में संयुक्त निदेशक दिगविजय सिंह, सीईओ जिला परिषद रेवाड़ी कुलभूषण बंसल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## धर्मपाल देशवाल बने जेजेपी के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** जननायक जनता पार्टी के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजकों की घोषणा की गयी जिसमें रेवाड़ी से गाँव डोहकी निवासी धर्मपाल देशवाल को जिला संयोजक की जिम्मेवारी दी गयी है। इस अवसर पर नवनियुक्त संयोजक ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला, प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी डॉ अजीत सिंह, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रणधीर सिंह चिका, राष्ट्रीय प्रचार सचिव दलबीर धनखड, जिला अध्यक्ष चौ. विजय सिंह सहित समस्त जिला कार्यकारिणी का आभार प्रकट किया और विश्वास दिलाया कि कभी भी पार्टी के मान सम्मान में कोई कमी नही आने दूँगा एवं अपनी जिम्मेवारी को बखूबी निभाउगा। इस खुशी के अवसर पर जिला रेवाड़ी के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने धर्मपाल देशवाल को बधाई दी एवं पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। इस कदम पार्टी कार्यकर्ताओं को संदेश गया कि कार्यकर्ताओं का मान सम्मान करने में जेजेपी हमेशा आगे रहती है।

# फरीदाबाद स्थित अमृता अस्पताल सीजीएचएस, ईसीएचएस और हरियाणा सरकार के साथ सूचीबद्ध



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद स्थित अमृता हॉस्पिटल, जो देश का सबसे बड़ा प्राइवेट मल्टी-स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सेवा संस्थान है, अब सीजीएचएस, ईसीएचएस और हरियाणा सरकार के साथ सूचीबद्ध हो गया है, जो हर महीने अस्पताल में इलाज कराने वाले हजारों मरीजों को राहत प्रदान करता है। यह अमृता अस्पताल के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है, जो बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने और नागरिकों की भलाई के लिए सरकारी पहल के साथ जुड़ने के प्रति उसके समर्पण को दर्शाता है। अमृता अस्पताल, फरीदाबाद के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संजीव सिंह ने कहा, अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे, अत्यधिक कुशल डॉक्टरों की एक टीम और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, अमृता अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवा उद्योग में लगातार मानक स्थापित किए हैं। सीजीएचएस, ईसीएचएस और हरियाणा सरकार के साथ पैनलबद्धता एक बड़े समुदाय की भलाई में योगदान करने के लिए हमारे लिए रास्ते खोलता है और सुलभ और करुणामयी देखभाल प्रदान करने के हमारे मिशन के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।

केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक व्यापक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम है, जो केंद्र सरकार के कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और उनके आश्रितों की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करता है। पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) भारत सरकार द्वारा एक स्वास्थ्य देखभाल पहल है, जिसे अप्रैल 2003 में शुरू किया गया था। इस योजना का उद्देश्य सेवानिवृत्त सशस्त्र बल कर्मियों और उनके आश्रितों को व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है। ईसीएचएस सेना, नौसेना, वायु सेना से सेवानिवृत्त पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों पर लागू होता है। अमृता अस्पताल का हरियाणा सरकार के साथ सूचीबद्ध होने से, वर्तमान में राज्य सरकार के नियमित कर्मचारी, पेंशनभोगी और उनके आश्रित अब अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं और उपचार का लाभ उठा सकते हैं।

# महिमा शर्मा बनी एनएसएस शिविर की सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका



**सिटी 24 न्यूज**

**बल्लभगढ।** आज राजकीय कन्या वरिष्ठ मध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा जिला गुरुग्राम के प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई कैंप का शुभारंभ प्रधानाचार्य श्री सुशील कुमार कण्व द्वारा किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई की अधिकारी श्रीमती स्नेह ,प्रवक्ता जीव विज्ञान ने 55 सवंसेवी और सातों दिन की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया । शिविर सातवें एवं शिविर के अंतिम दिन हमारे मुख्य अतिथि बीआरसी गुरुग्राम दीप्ति बोकन मुख्यातिथि का विद्यालय परिवार ने फूल मालाओं से सम्मान किया । बीआरसी दीप्ति बोकन ने इस शिविर में अपना समय देने वाले अर्थशास्त्र प्रवक्ता सीमा रानी, हिन्दी प्रवक्ता बिन्दु दक्ष व ओमवीर जी का सम्मान किया । शिविर की बेहतरीन स्वयंसेविका का चयन किया जिसका नाम महिमा शर्मा है । बीआरसी दीप्ति बोकन और विद्यालय प्रधानाचार्य सुशील कुमार कण्व ने सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका पुरस्कार से सम्मान किया। बच्चो ने अतिथियों को स्वागतम् गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्यातिथि दीप्ति बोकन ने बच्चों का उनके कार्य के प्रति जोश बढ़ाया और उन्हें उपहार बांटे । यह पूरा कार्यक्रम प्रधानाचार्य श्री सुशील कण्व जी की देखरेख में व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा गुरुग्राम हरियाणा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी स्नेह जीव विज्ञान प्रवक्ता के मार्गदर्शन व अगुवाई में चल रहा है ।

# अमृताश्री संगठन को भारतीय स्टेट बैंक ने 40 प्रोफेशनल सिलाई मशीन दान की




**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** अमृता अस्पताल में आयोजित एक इवेंट के दौरान भारतीय स्टेट बैंक ने 6 सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अमृता आत्मनिर्भर शिक्षा एवं रोजगार (अमृताश्री), जो एक समुदाय-आधारित संगठन है जो आत्मनिर्भरता, शिक्षा और रोजगार पर केंद्रित है, को 40 प्रोफेशनल सिलाई मशीन दान की। भारतीय स्टेट बैंक में इन सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं के अकाउंट भी खोले जाएंगे। अमृताश्री बेरोजगार और आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को उनके तकनीकी और व्यावसायिक कौशल विकसित करके आत्मनिर्भर बनने में मदद करने के लिए माता अमृतानंदमयी मठ की एक पहल है। इस इवेंट में 6 हेल्प ग्रुप की लगभग 100 से ज्यादा महिलाओं ने हिस्सा लिया। माता अमृतानंदमयी मठ की ओर से फरीदाबाद के आसपास के 50 गांव की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 204 सेल्फ हेल्प ग्रुप का गठन किया गया था। इन गांव की लिस्ट में पलवली, नचौली, भूपानी, गढ़खेड़ा, तिगांव, भैंसरावली, अरुआ, खेड़ी कला और खेड़ी खुर्द जैसे गांव शामिल हैं।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अमृता अस्पताल के एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर स्वामी निजामृतानंद पूरी जी, एसबीआई के चीफ जनरल मैनेजर कल्पेश कृष्णकांत अवासिया, एसबीआई के जनरल मैनेजर दीपेश राज, एसबीआई की डिप्टी जनरल मैनेजर अंजना टंडन और एसबीआई के रीजनल मैनेजर विनोद कुमार समेत हरियाणा सरकार की सीडीपीओ डॉ मंजू शर्मा शामिल हुए।

अमृताश्री संगठन के संकल्प प्रोजेक्ट, जोकि नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनएसडीसी) प्रोजेक्ट का हिस्सा है, के अंतर्गत लगभग 1000 महिलाओं को टेलरिंग ट्रेनिंग, 200 महिलाओं को ब्यूटी पार्लर ट्रेनिंग, 300 महिलाओं को नर्सिंग असिस्टेंट की ट्रेनिंग और 30 महिलाओं को होटल मैनेजमेंट की ट्रेनिंग दी गई है। नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनएसडीसी) प्रोजेक्ट अम्माची लैब्स द्वारा चलाया जाता है।

# इंडस टेक औद्योगिक एक्सपो में 38 हजार से अधिक उद्यमी कर रहे भागीदारी

**ग्रामीण विकास एवं इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने किया शुभारंभ**

**देश विदेश से आ रहे उद्यमियों का स्वागत करेगा फरीदाबाद : राजेश नागर**



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** अइंडस टेक मशीन टूल्स एंड ऑटोमेशन एक्सपो 2024 का आज से विधिवत आगाज हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास एवं इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते मौजूद रहे जबकि विशिष्ट अतिथि विधायक राजेश नागर, विधायक नरेंद्र गुप्ता ने शिरकत की। इस मौके पर ग्रामीण विकास एवं इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि यह द्रोणाचार्य इवेंट का सराहनीय प्रयास है। इससे उद्यमियों को काफी लाभ होगा।

मंत्री कुलस्ते ने पीएलआई 2.0 के संदर्भ में कहा कि इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है तथा इससे उद्योगों को लाभ मिलेगा। साथ ही उन्होंने स्टील के बढ़ते दाम पर भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। वहीं भाजपा विधायक राजेश नागर ने कहा कि उद्योगों को इस तरह की औद्योगिक एगजीबिशन्स से एक बेहतर प्लेटफॉर्म मिलता है। इससे उद्योगों को नई तकनीक व उत्पादों की भी जानकारी मिलती है। द्रोणाचार्य इवेंट्स फरीदाबाद में इसका आयोजन करते हैं, इसके लिए वे प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में विभिन्न उद्योगों के अनेको उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे जिससे उद्योगों को लाभ मिलेगा।

इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि औद्योगिक नगरी की फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में यह प्रदर्शनी लगाई गई है, यह एक बेहतरीन प्रयास है। उन्होंने कहा कि इससे उद्योग काफी लाभांवित होंगे। वहीं आयोजक दीपक चौधरी ने कहा कि हमारा उद्देश्य उद्योगों को प्लेटफार्म देने के साथ-साथ उनके बिजनेस को भी आगे बढ़ाना है। डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसो. के प्रधान जेपी मल्होत्रा, फिमटिया के अध्यक्ष वीरभान शर्मा, मैन्युफैक्चरर्स एसो. से सुखदेव सिंह व रमणीक प्रभाकर ने शिरकत की। एगजीबिशन का आयोजन द्रोणाचार्य इवेंट द्वारा सैक्टर-12 हुडा ग्राउंड में किया जा रहा है। यह एक्सपो अब तक के सबसे बड़ी प्रदर्शनी है। 100000 वर्ग मीटर में लगाई जाने वाली इस प्रदर्शनी में 700 से अधिक स्टाल लगाई जाएंगी जिनमें से 240 स्टॉल फरीदाबाद के उद्योगों की तरफ से ही लगाए गए हैं। बाकी स्टाल हरियाणा के अन्य जिलों,पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से आई इंडस्ट्रीज की तरफ से स्टॉल लगाए जाएंगे। एक्सपो के आयोजक दीपक चौधरी, कुलदीप सिंह कुंतल, शकील खान ने बताया कि चार दिन तक चलने वाले इस एक्सपो में देश विदेश के 38 हजार से अधिक उद्योगपति हिस्सा ले रहे हैं। प्रदर्शनी में रोबोटिक मशीनरी तथा कंप्यूटर चालित मशीनों का भी प्रदर्शन किया जाएगा जिसके द्वारा उद्योगों को आधुनिक तकनीक से जोडक़र उत्पादन की क्षमता वृद्धि की जा सकती है। इस एक्सपो में मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन ऑफ फरीदाबाद, फरीदाबाद चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, फरीदाबाद आई एम टी इंडस्ट्री एसोसिएशन ,फरीदाबाद फाउंड्री एसोसिएशन, फरीदाबाद इलेक्ट्रिकल एसोसिएशन फरीदाबाद, हार्डवेयर एसोसिएशन, फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ,नरेला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, बवाना इंडस्ट्रीज एसोसिएशन व अन्य मुख्य एसोसिएशन का सहयोगी है।

# डा. बी आर अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति के ऑनलाइन आवेदन की त्रुटियां दूर करवाए 15 जनवरी तक : डीसी विक्रम सिंह

**कहा, शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा के युग कर रही है सरकार विद्यार्थियों को धनराशि से प्रोत्साहित**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग के जरिये दी जा रही है प्रोत्साहन धनराशि**

**डा. बी आर अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना के जरिये दिया जा रहा है वजीफा**

**अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग, विमुक्त घुमन्तु, टपरीवास श्रेणी और अन्य वर्गो के विद्यार्थी को मिल रहा है आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर लाभ**



**सिटी 24 न्यूज**


**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि डा. बी आर अम्बेडकर मेधावी छात्रवृतति के ऑनलाइन आवेदन की त्रुटियां 15 जनवरी तक दूर करवाए। डीसी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा के युग में सरकार विद्यार्थियों को धनराशि से प्रोत्साहित कर रही है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग के जरिये दी लाभार्थी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन धनराशि दी जा रही है। डा. बी.आर अम्बेडकर मेधावी छात्रवृतति संशोधित योजना के जरिये विद्यार्थियों को वजीफा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग हरियाणा, पंचकूला द्वारा चलाई जा रही डा. बी. आर अम्बेडकर मेधावी छात्रवृतति संशोधित योजना के वर्ष 2023-24 में छात्र/छात्राओं की छात्रवृतति के लिए ऑनलाइन आवेदन विभागीय पत्र वैबसाईट https://saral-haryana.gov.in पर गत 01.07.2023 से 31.01.2024 तक प्राप्त किये जा रहे हैं। डीसी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा के युग में अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग, विमुक्त घुमन्तु, टपरीवास श्रेणी और अन्य वर्गो के छात्र/छात्राओं को सक्षम बनाने के लिये आर्थिक सहायता प्रदान करना एवं मैट्रिक से स्नातकोत्तर कक्षाओं में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है। जिनके लिये कुछ विवरण शर्तों का पालन किया जाना है।

जिला कल्याण अधिकारी सरफराज खान ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अनुसूचित जाति के लिए छात्रवृतति की आधार परीक्षा कक्षा, आधार परीक्षा में दसवीं के लिए शहरी क्षेत्रों में 70 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 60 प्रतिशत अंक लेने पर प्राप्त अंकों की प्रतिशतता की छात्रवृतति राशि- 8000/-रुपये दी जाती है। वहां बारहवीं के लिए शहरी क्षेत्रों में 75 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 70 प्रतिशत लेने पर छात्रवृतति राशि- 8000/- से 10000/- तक दी जाती है। इसी प्रकार ग्रेजुएट के लिए शहरी क्षेत्रों में 65 प्रतिशत, ग्रामीण क्षेत्रों में 60 प्रतिशत अंक लेने पर छात्रवृतति राशि- 9 000/- से 12000/- तक छात्रवृतति दी जाती है। वहीं पिछड़ा वर्ग (ए) जाति के लिए दसवीं के लिए शहरी क्षेत्रों में 70 प्रतिशत, ग्रामीण क्षेत्रों में 60 प्रतिशत अंक लेने पर, पिछड़ा वर्ग (बी) जाति के लिए दसवीं के लिए शहरी क्षेत्रों में 80 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों 75 प्रतिशत अंक लेने पर तथा सामान्य वर्ग जाति के लिए शहरी क्षेत्रों में 80 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 75 प्रतिशत अंक लेने पर छात्रवृतति राशि - 8000/ रुपये दी जाती है।

**ये दस्तावेज हैं जरूरी**

जिला कल्याण अधिकारी सरफराज खान ने आगे बताया कि इन योजनाओं के तहत छात्र/छात्रा द्वारा पास की गई पास की गई कक्षा की मार्कशीट, हरियाणा का स्थाई निवासी हो, जाति प्रमाण पत्र, फैमली आई०डी० व आधार कार्ड, बैंक खाता, वर्तमान कक्षा का आईडी कार्ड तथा माता-पिता तथा अभिभावक की 04 लाख से कम का आय प्रमाण होना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये जिला कल्याण अधिकारी, कार्यालय कमरा न० 408-409, चौथी मंजिल लघु सचिवालय सेक्टर 12 में सम्पर्क करें।

# नए साल पर यूएन ने खुशखबरी! दो साल तक रॉकेट की स्पीड से दौड़ेगी भारत की इकॉनमी



**सिटी 24 न्यूज**

नए साल पर यूएन ने भारत को गुड न्यूज दी है। उसका कहना है कि भारत की इकॉनमी तेजी से बढ़ रही है और 2024 में भी यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। यूएन का कहना है कि मजबूत घरेलू मांग तथा मैन्यूफैक्चरिंग एवं सेवा क्षेत्रों में मजबूती से भारत का ग्रोत रेट 2024 में 6.2% रहने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र विश्व आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं (WESP) 2024 रिपोर्ट गुरुवार को जारी की गई। इसमें कहा गया कि दक्षिण एशिया की जीडीपी 2024 में 5.2 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। इससे भारत में मजबूत विस्तार का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा जो दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है।


रिपोर्ट में कहा गया, 'मजबूत घरेलू मांग तथा विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि के बीच भारत में वृद्धि दर 2024 में 6.2 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2023 के 6.3 प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा कम है।' रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 2025 में जीडीपी बढ़कर 6.6 प्रतिशत होने का अनुमान है। इस वर्ष भारत में आर्थिक वृद्धि 6.2 प्रतिशत पर 'मजबूत' रहने का अनुमान है, जो मुख्य रूप से मजबूत निजी खपत तथा मजबूत सार्वजनिक निवेश द्वारा समर्थित है। वैश्विक आर्थिक प्रभाग निगरानी शाखा, आर्थिक विश्लेषण एवं नीति प्रभाग (यूएन डीईएसए) के प्रमुख हामिद रशीद ने पत्रकारों से कहा, 'भारतीय अर्थव्यवस्था ने न केवल इस वर्ष बल्कि पिछले कुछ वर्षों में अपने समकक्षों से बेहतर प्रदर्शन किया है।'

**2025 में भी जारी रहेगी रफ्तार**

उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि लगातार छह प्रतिशत से अधिक बनी हुई है और हमारा मानना है कि यह 2024 और 2025 में भी जारी रहेगा। इसके साथ ही रिपोर्ट में कहा गया कि सरकारी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और बहुराष्ट्रीय निवेशों के दम पर भारत में 2023 में निवेश मजबूत रहा, जबकि चीन में निवेश संपतति क्षेत्र में प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण प्रभावित हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में निवेश अधिक मजबूत रहा है। दक्षिण एशिया, खासकर भारत में निवेश 2023 में मजबूत रहा।

रिपोर्ट में कहा गया, 'चीन में निवेश की संभावनाएं संपतति क्षेत्र से प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण प्रभावित हुईं, हालांकि बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश आंशिक रूप से निजी निवेश में कमी की भरपाई कर रहे हैं। इसके विपरीत सरकारी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और बहुराष्ट्रीय निवेशों के दम पर भारत में 2023 में निवेश मजबूत रहा।' साथ ही रिपोर्ट में इस बात को रेखांकित किया गया कि जलवायु-परिवर्तन से संबंधित घटनाएं 2023 में दक्षिण एशियाई क्षेत्र को नुकसान पहुंचाती रहीं। जुलाई और अगस्त में सूखे का प्रकोप बढ़ा जिससे भारत, नेपाल और बांग्लादेश के अधिकतर हिस्से प्रभावित हुए जबकि पाकिस्तान में औसत से अधिक बारिश ने परेशानी खड़ी की। इन आपदाओं का उन देशों में बेहद गंभीर असर होने की आशंका है जहां कृषि का सकल घरेलू उत्पाद में सबसे बड़ा हिस्सा है।

# युवाओं में बढ़ रहा है घूमने-फिरने का शौक, लोन लेकर जा रहे विदेश, कोरोना का बाद बढ़ गया चलन



**सिटी 24 न्यूज**

नई या पसंदीदा जगहों पर घूमना हर किसी का शौक होता है। लेकिन, युवाओं का यह शौक इस कदर परवान चढ़ रहा है कि अब वे इसके लिए लोन तक ले रहे हैं। हालिया रुझान बताते हैं कि ट्रैवल लोन का दायरा बढ़ा है। बड़ी संख्या में भारतीय युवा ट्रैवल लोन लेकर थाईलैंड, श्रीलंका या वियतनाम जैसे कम दूरी वाली जगहों पर छुट्टियां बिताने जा रहे हैं। जापान, अंटार्कटिका, आर्कटिक और ग्रीनलैंड जैसी जगहों पर जाने वालों की भी कमी नहीं है। इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, द्धुञ्ज पेशेवर 30 साल की उम्र वाले कपल ने शुरुआत में घरेलू छुट्टी पर जाने का फैसला किया और फिर 2 लाख रुपये का लोन लेकर सिंगापुर चले गए। एक अन्य कामकाजी दंपती, जिनकी उम्र भी 30 वर्ष के करीब है और उनका पांच साल का बच्चा भी है, उन्होंने 6 लाख के ट्रैवल लोन पर अमेरिका में 23 दिनों की यात्रा की।

ट्रैवल कंपनियों का कहना है कि यह रुझान 2024 में भी जारी रहने की संभावना है। इससे अनुमानित 25,000 करोड़ के लोन पोर्टफोलियो का और विस्तार हो रहा है। काफी संख्या में युवा बचत से अधिक यात्रा को प्राथमिकता दे रहे हैं। खासकर, यह प्रवृतति कोविड के बाद बढ़ी है। कोटक महिंद्रा बैंक के अंबुज चंदना ने कहा, ऐसे लोन की मांग आम तौर पर 25-39 आयु वर्ग में होती है और बैंक ज्यादातर वेतनभोगी वर्ग को लोन देना पसंद करते हैं। इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि ईएमआई पर होलिडेज के लिए टॉप सोर्स मार्केट्स में मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद, जयपुर, चंडीगढ़ और लखनऊ शामिल हैं।

# गौतम अडानी की लंबी छलांग, चार दिन में लगा दिया पैसों का ढेर, मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ा



**सिटी 24 न्यूज**

साल बदलते ही अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की किस्मत भी पलट गई है। साल के पहले चार दिन में उनकी नेटवर्थ में 13.3 अरब डॉलर यानी 11,07,42,84,90,000 रुपये का इजाफा हुआ है और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में फिर तेजी से ऊपर चढ़ने लगे हैं। गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 7.67 अरब डॉलर का इजाफा हुआ और यह 97.6 अरब डॉलर पहुंच गई। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 12वें नंबर पर आ गए हैं।

इसके साथ ही अडानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पछाड़कर एक बार एशिया के सबसे बड़े रईस की कुर्सी हथिया ली है। अंबानी 97 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ एशिया में दूसरे और दुनिया में 13वें नंबर पर खिसक गए हैं। पिछले साल अडानी की नेटवर्थ में भारी गिरावट आई थी लेकिन नया साल आते ही लक्ष्मी एक बार फिर उन पर मेहरबान होने लगी है। इस साल वह सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अरबपति हैं।

ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक दुनिया के अरबपतियों के लिए नए साल की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। दुनिया के टॉप 20 अरबपतियों में से केवल तीन की नेटवर्थ में तेजी आई है। इनमें अडानी और अडानी के अलावा अमेरिका के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे शामिल हैं। अंबानी की नेटवर्थ में गुरुवार को 76.4 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ। इस साल उनकी नेटवर्थ में 66.5 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ है। वहीं दुनिया के अमीरों की लिस्ट में आठवें नंबर पर मौजूद बफे की नेटवर्थ इस साल 1.92 अरब डॉलर बढ़ी है। इस साल सबसे ज्यादा नेटवर्थ फ्रांस के कारोबारी बर्नार्ड आरनॉल्ट ने गंवाई है। उनकी नेटवर्थ में 10.8 अरब डॉलर की गिरावट आई है और वह अमीरों की लिस्ट में दूसरे से तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं।

**कौन-कौन हैं टॉप 10 में**

दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में इस साल 9.35 अरब डॉलर की गिरावट आई है। उनकी नेटवर्थ अब 220 अरब डॉलर रह गई है। ऐमजॉन के जेफ बेजोस (169 अरब डॉलर) के साथ दूसरे नंबर पर हैं। माइक्रोसॉफ्ट के बिल गेट्स (138 अरब डॉलर) चौथे, स्टीव बालमर (128 अरब डॉलर) पांचवें, मार्क जकरबर्ग (126 अरब डॉलर) छठे, लैरी पेज (124 अरब डॉलर) सातवें, बफे (122 अरब डॉलर) आठवें, लैरी एलिसन (120 अरब डॉलर) नौवें और सर्गेई ब्रिन (117 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं। दुनिया के टॉप 10 अमीरों में नौ अमेरिका के हैं।

# सैलरी से पैसे बचाकर रिटायरमेंट की उम्र में शुरू किया बिजनेस, ऐसे बना दी 23 हजार करोड़ की कंपनी



**सिटी 24 न्यूज**

दुनिया में बहुत कम लोग ऐसे होते हैं जो अपनी किस्मत खुद लिखते हैं। इसके लिए वह कड़ी से कड़ी मेहनत करने से पीछे नहीं हटते हैं। लक्ष्मण दास मित्तल इन्हीं लोगों में शामिल हैं। जिस उम्र में लोग रिटायर हो जाते हैं उस आयु में लक्ष्मण दास मित्तल ने बिजनेस की शुरुआत की थी। लक्ष्मण दास मित्तल सोनालिका ग्रुप के चेयरमैन हैं। यह ग्रुप भारत में तीसरे नंबर का सबसे बड़ा ट्रैक्टर निर्माता है। वह देश के सबसे उम्रदराज अरबपति हैं। लक्ष्मण दास मित्तल की कहानी अनोखी है, उन्होंने लोगों के लिए एक मिसाल कायम की है। अगर कोई अपनी जिंदगी में कुछ करना चाहता है तो वह कर सकता है। लक्ष्मण दास ने दिखा दिया कि सफलता किसी भी उम्र में हासिल की जा सकती है। अगर पूरी मेहनत और लगन से कोशिश की जाए तो कुछ भी असंभव नहीं है। आईए आपको बताते हैं कैसे लक्ष्मण दास मित्तल ने जिंदगी में इतनी बड़ी सफलता हासिल की है।

**इंश्योरेंस एजेंट से बने बिजनेस टायकून**

लक्ष्मण दास मित्तल का जन्म पंजाब के होशियारपुर में हुआ था। उन्होंने अपने कैरियर की शुरुआत एक बीमा एजेंट के रूप में की थी। लक्ष्मण दास मित्तल एलआईसी एजेंट हुआ करते थे। वह कारोबार करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने अपनी सैलरी से पाई-पाई जमा की। लक्ष्मण दास मित्तल 60 साल की उम्र तक एलआईसी एजेंट के रूप में काम करने के बाद रिटायर हो गए थे। आमतौर पर लोग रिटायर होकर खुशहाल और शांतिमय जीवन बीताना पसंद करते हैं, लेकिन लक्ष्मण दास मित्तल ने इस उम्र में भी काम और संघर्ष करना नहीं छोड़ा था।

**ऐसे शुरू की कंपनी**

लक्ष्मण दास मित्तल ने अपनी सारी बचत का उपयोग कृषि मशीनों से जुड़े साइड बिजनेस स्थापित करने के लिए किया, उन्होंने साल 1996 में ट्रैक्टर निर्माण में प्रवेश करके सोनालिका ट्रैक्टर्स की स्थापना की। लक्ष्मण दास मित्तल कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान से भी नवाजे जा चुके हैं। इनमें प्रतिष्ठित उद्योग रत्न पुरस्कार भी शामिल है। लक्ष्मणदास मित्तल की ट्रैक्टर कंपनी का उत्तर भारतीय राज्यों में मजबूत कारोबार है। पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गांवों में सोनालिका के ट्रैक्टर किसानों की पसंद रहे हैं।

**दिवालिया होने पर भी नहीं मानी हार**

लक्ष्मण दास मित्तल ने अपनी मेहनत के दम पर करोड़ों की कंपनी खड़ी कर दी है। वह भारत के सबसे उम्रदराज अरबपतियों की लिस्ट में शामिल हैं। आज उनकी नेटवर्थ करीब 2.5 अरब डॉलर के आस पास है। एक साधारण एलआईसी एजेंट से लेकर उन्होंने अरबपति तक का सफर तय किया है। ये सफर आसान नहीं था। उन्हें कई बार गिरना पड़ा, कारोबार दिवालिया हो गया, लेकिन उन्होंने हार न मानने की ठान ली थी। मौजूदा समय में सोनालिका ग्रुप का कारोबार 120 से अधिक देशों में फैला हुआ है।

# मालिक हो तो ऐसा! चेन्नई की आईटी कंपनी ने कर्मचारियों को बनाया पार्टनर, गिफ्ट में दी चमचमाती कार

**सिटी 24 न्यूज**

गुजरात के मशहूर हीरा कारोबारी सावजी ढोलकिया का नाम तो आपने सुना होगा। वह दिवाली पर अपने कर्मचारियों को महंगे गिफ्ट देने के लिए मशहूर हैं। लेकिन आजकल चेन्नई की एक आईटी कंपनी का नाम सुर्खियों में है। इस कंपनी ने अपने 50 कर्मचारियों को महंगी कार गिफ्ट की है। इतना ही नहीं **IdeaswIT Technology Services Private Limited** के मालिक मुरली विवेकानन्दन ने बड़ा दिल दिखाते हुए अपने पुराने कर्मचारियों को कंपनी के 33% शेयर देने की घोषणा की है। विवेकानन्दन ने साल 2009 में अपनी पत्नी के साथ इस कंपनी की स्थापना की थी। यह कंपनी फेसबुक, ब्लूमबर्ग, माइक्रोसॉफ्ट, ओरेकल, मोटोरोला जैसी कई कंपनियों को सेवाएं देती है।

विवेकानन्दन ने कहा कि कुछ कर्मचारी सुखदुख की घड़ी में लगातार उनके साथ बने रहे और वह उनका अहसान चुकाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, कंपनी के सारे शेयर मेरे और मेरे पार्टनर्स के पास हैं। अब हमने 33 परसेंट शेयर उन कर्मचारियों को देने का फैसला किया है जो लंबे समय से कंपनी में काम कर रहे हैं। साथ ही हमने पैसों को साझा करने का प्रोग्राम भी शुरू किया है। इसके तहत कर्मचारियों को 50 कारें दी जा रही हैं। विवेकानन्दन ने दावा किया कि पिछले साल भी कंपनी ने कर्मचारियों की उनकी मेहनत का इनाम देते हुए 100 कारें गिफ्ट की थीं।

**महंगे गिफ्ट देने वाली कंपनियां**

यह पहला मौका नहीं है जब किसी आईटी कंपनी ने अपने कर्मचारियों को कार गिफ्ट की है। पिछले साल फरवरी में अहमदाबाद की आईटी कंपनी ने अपने 13 मेहनती कर्मचारियों को कार गिफ्ट की थी। हरियाणा की एक दवा कंपनी ने भी अपने कर्मचारियों को पिछले साल दिवाली पर टाटा पंच कार गिफ्ट की थी। इसी तरह चेन्नई की कंपनी **Challani Jewellery Mart** के मालिक जयंती लाल चयंत ने अपने कर्मचारियों को गिफ्ट देने के लिए 1.2 करोड़ रुपये खर्च किए थे। उन्होंने दस कर्मचारियों को कार और 20 कर्मचारियों को बाइक गिफ्ट की थी।

# बेवल में पत्नी पर कुल्हाड़ी से वार कर घायल करने के आरोप में पति के खिलाफ केस दर्ज

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** दोंगड़ा पुलिस चौकी के अंतर्गत गांव बेवल में पति-पत्नी के झगड़े में घायल पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज किया है महिला ने पुलिस को दी शिकायत बताया कि बीती 2 जनवरी को सांय के समय उसके पति अजीत सिंह ने कुल्हाड़ी से हमला कर जान से मारने की कोशिश की घायल महिला को उप नागरिक अस्पताल कनीना में दाखिल करवाया गया जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर उसे पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया उसके घर लौटने पर पति ने पुन: झगड़ा शुरू कर दिया जिसे देखते हुए उन्होंने 112 नंबर डायल कर ईआरवी वाहन को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर झगड़े को शांत कराया कनीना सदर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी पति अजीत के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है

# रसूलपुर में मारपीट कर घायल करने के आरोप में पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ किया के दर्ज

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** गुढ़ा गांव के एक युवक पर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने एक मालूम सहित 3-4 अन्य युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है इस बारे में सुधीर वासी गुढ़ा ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बीती 26 दिसंबर को रसूलपुर में रोहतास के प्लाट में थे उस दौरान सुरेंद्र निवासी बचीनी 3-4 साथियों के साथ आया और उनपर लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया आरोपी उनकी जेब से 7200 रूपये भी छीन कर ले गए सुधीर ने बताया कि आरोपी सुरेंद्र नशे का कारोबार करता है जिसे 20 ग्राम स्मैक के साथ सीआईए नारनौल को पकड़वाया था जिसकी रंजिश के चलते वह झगड़ा कर धमकी दे रहा है पुलिस ने मारपीट के आरोपी सुरेंद्र सहित तीन-चार अन्य युवकों के छानबीन शुरू कर दी है।

# विधायक सीताराम यादव ने बाबा दयाल गौशाला धनोंदा को दिए 2.92 लाख



**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** हलका विधायक सीताराम यादव ने शुक्रवार को धनौंदा स्थित बाबा दयाल गौशाला समिति को 2.92 लाख का चेक सरपंच बिननो देवी, बीर सिंह, गौशाला प्रधान पूर्ण सिंह को सौंपा विधायक सीताराम ने अपने संबोधन में कहा की केंटो प्रदेश सरकार जन कल्याणकारी नीतियों को अमली जामा पहनाने में जुटी हुई है उन्होंने ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा कार्यों में अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया सरकार ने गौशाला विकास के लिए अनेक योजनाएं शुरू कर रखी है सरकार गायों और गौशालाओ के उत्थान के लिए अनेक कार्य कर रही है इस अवसर पर सत्यवीर सिंह यादव, अतर सिंह मंडल अध्यक्ष, विनोद कुमार,राजेन्द्र भारद्वाज, रत्न सिंह तंवर,राजेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश शर्मा उपस्थित थे।

# बीच बाजार हाई टेंशन तार टूटा, चपेट में आने से गाय की दर्दनाक मौत

**सिटी 24 न्यूज/संजय राघव**

**सोहना।** विद्युत विभाग की लापरवाही मानव के साथ बेजुबान पशुओं के जान के दुश्मन बने हुए हैं ।ऐसा ही मामला सोहना के देवीलाल स्टेडियम के समीप देखने को मिला जहां पर एक हाई टेंशन तार टूट कर जमीन पर बैठी गाय पर जा गिरा व गाय की दर्दनाक मौत हो गई। बिजली का हाई टेंशन का तार टूट जाने के बाद भी करीब 15 मिनट तक इन तारों में हाई टेंशन करंट गुजरता रहा विभाग के पास फोन करने के बाद लाइन को काटा गया। तब जाकर गाय के ऊपर से उसे तार को हटाया गया ।गनीमत यह रही की स्टेडियम के सामने दुकानों पर काफी भीड़ रहती है उसके कुछ स्थानों पर गाड़ियां खड़ी थी लेकिन वह तार गाड़ियों पर नहीं पड़ा जिससे यह हादसा टल गया। दुकानदारों का कहना है कि इन तारों की शिकायत कई बार वह विद्युत विभाग से कर चुके हैं लेकिन शिकायत के बावजूद भी इस हाई टेंशन तार को सही नहीं किया गया। जिस कारण यह हादसा विभाग की लापरवाही से घटित हुआ है इस मामले में मौके पर पहुंची पुलिस ने नगर परिषद के कर्मचारियों को बुलाकर मृतक गाय को उठवाया। मामला सोहना के देवीलाल स्टेडियम के समीप का है जहां पर दोपहर करीब 2:00 बजे एक बिजली का हाईटेंशन तार टूट कर जमीन पर गिरा जिसकी चपेट में एक गाय आ गई गाय ने तड़प तड़प कर अपनी जान दे दी। तार के टूट जाने से आसपास के लोग वहां इकट्ठे हो गए उन्होंने विद्युत विभाग में फोन किया। करीब 15 मिनट तक तार में हाई टेंशन करंट गुजरता रहा लोगों ने बताया कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा गठित हुआ है कई बार शिकायत के बावजूद भी विभाग के कर्मचारी इन शिकायतों पर कोई भी अमल नहीं करते वहीं दूसरी तरफ मौके पर मौजूद गौ रक्षको ने बताया कि अभी हाल में पहले भी एक गाय की मौत टूटे तार की वजह से हुई है। अगर विभाग इस तरफ ध्यान नहीं देगा तो जल्दी उनके खिलाफ गौ रक्षक आंदोलन चलाएंगे।

# गोहाना में राष्ट्रीय डोजबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**सिटी 24 न्यूज/प्रीति सिंगल**

**गोहाना।** डोजबॉल एसोसिएशन हरियाणा द्वारा गोहाना के शहीद मदनलाल ढिंगरा स्टेडियम में दूसरी जूनियर व सब जूनियर राष्ट्रीय डोजबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की मेजबानी सत्यानदं पब्लिक स्कूल व केसर न्यूट्रिशन ने की। सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में करीब 21 राज्यों के एक हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से एचएसएससी के पूर्व सदस्य सत्यवान शेरा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा, चेयरपर्सन रजनी विरमानी, भारतीय डोजबॉल फैडरेशन (आईडीएफ) के सचिव नरसिम्हा रेड्डी, ऐशिया डोजबॉल फैडरेशन के महासचिव डी सबरमनीम मुख्य रूप से पहुंचे। सत्यवान शेरा ने कहा कि डोजबॉल की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हरियाणा में होना हमारे लिए गर्व की बात है। डोजबॉल को एशियन खेलों में भी शामिल किया गया है। इस प्रतियोगिता में करीब 80 प्रतिशत भारत पहुंचा है। करीब 21 राज्यों के खिलाडी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। डोजबॉल अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रखी है। सात जनवारी को फाइनल मुक्काबले होंगे। इसी प्रतियोगिता के विजेताओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा। तीर्थ राणा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता गोहाना में होना हमारे लिए गर्व की बात है। इस मौके पर प्राचार्या सीमा श्योराण, केसर न्यूट्रेशन से कृष्ण मलिक, हरियाणा डोजबॉल फेडरेशन के सहसचिव सलमदीन, कोषाध्यक्ष संदीप, चीफ कोच प्रदीप कुमार, डा. चक्रवर्ती शर्मा, राकेश भान, सोशल मीडिया स्टार प्रीति सांगवान, नीतू लोहचब, पहलवान राकेश दहिया आदि मौजूद रहे।

# डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने बागोत-खेड़ी तलवाना व उन्हाणी में करोड़ों की परियोजनाओं को पूरा करवाने की घोषणा की

## गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने ट्रैक्टर, बाइक व डीजे के साथ किया है अभूतपूर्व स्वागत

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के कनीना के गांव खेड़ी,बागोत व उन्हाणी पहुंचने पर ग्रामीणों ने बाइक,ट्रैक्टर व पुष्प वर्षा कर अभूतपूर्व स्वागत किया डिप्टी सीएम ने बस स्टैंड बाघोत से शिव मंदिर बागेश्वर धाम तक डबल रोड, बैकं शाखा खोलना, गंदे पानी की निकासी के लिए सीवरेज डाले जाने,तालाब का सौन्दर्यीकरण करने, खेल स्टेडियम में सुविधाये बढ़ाने, ई- लाइब्रेरी खोलने, गौशाला मे टीनशैड लगाने, मेला मैदान को पक्का करने, करना, ढाणी में बिजली-पानी कनेक्शन देने ,गांव में पंचायत सचिवालय भवन बनाने की घोषणा की।



इससे पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बागोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग को लेकर कट बनवाने की घोषणा की कट की मांग को लेकर ग्रामीण पिछले 10 महीने से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं डिप्टी सीएम ने कहा, एनएचएआई के अधिकारियों को बुलाकर हाईवे से कट दिलाने की कोशिश करेंगे । इस बारे में उन्होंने धरनारत ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल को भी दिल्ली बुलाया है जिससे अधिकारियों के साथ बैठाकर कट का हल निकाला जा सके।

समारोह के बाद जेजेपी के युवा हल्का प्रधान महीपाल नंबरदार के आवास पहुंचे उनके साथ जेजेपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंवर सिंह कलवाडी, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव, जिलाध्यक्ष मनीष शर्मा, महिला जिलाध्यक्ष सुविधा शास्त्री, हल्का अध्यक्ष कुलदीप यादव, युवा जिलाध्यक्ष युद्धवीर, सरपंच राजेंद्र, संदीप चौधरी, सन्नी यादव सरपंच हरिओम पोता, कार्यालय सचिव नवीन राव,जोनी तंवर, नवीन उन्हानी, लोकेन्द्र नंबरदार पोता, करन सिंह शास्त्री, विकास एडवोकेट, अशोक गुर्जर थे

उन्हानी गांव में दुष्यंत चौटाला ने कम्युनिटी सेंटर बनाने,खेल मैदान की चार दीवारी बनाने, जिम हॉल बनाने,गांव की फिरनी तथा खेतों के कई कच्चे रास्ते पक्के करने, पार्क बनाने, पुल बनाने, स्ट्रीट सोलर लाइट लगाने सहित अनेको घोषणाएं की।

खेड़ी तलवाना में उन्होंने बाबा भोलागिरि महाराज धाम पर माथा टेका मंदिर कमेटी के प्रधान कैप्टन ओमपाल सिंह, ओमप्रकाश चौहान, कैप्टन रामवतार, जेजेपी के शिबु जेलदार, सेवानिवृतति हेड क्लर्क मोती कुमार लाट्टा ने उनका स्वागत किया वहां पर उन्होंने नवनिर्मित भवन का रिबन काटकर उद्घाटन किया एड्वोकेट मनदीप सिंह ने कहा की द्वितीय विश्व युद्ध से लेकर अब तक खेती के सैनिकों ने अद्वितीय साहस का परिचय दिया है डिप्टी सीएम ने गांव खेड़ी में ई - लाईब्रेरी बनाए जाने, जिमहाल व कुश्ती मैट उपलब्ध करवाने, वाटर सप्लाई सुविधा देने, स्कूल में एनसीसी लागू करने, पशु अस्पताल को अपग्रेड करने, खेड़ी से झाड़ली, खेड़ी से पाथेड़ा लिंक रोड बनवाने की घोषणा की।

# अंत्योदय के सपने को साकार कर रही विकसित भारत संकल्प यात्रा : जाहिद हुसैन चैयरमेन

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं भारत सरकार में मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन के सदस्य जाहिद हुसैन चैयरमेन ने नूह जिले के गांव सालाहेडी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर बीडीओ नूँह कूलजीत सिहं व एक्शन शमशेर सिंह और एसडीओ अजित ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच महमुदा ने की। चैयरमेन जाहिद हुसैन ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस संकल्प यात्रा के तहत सरकार की जनकल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस मौके पर अधिकारियों के सहयोग से लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

चैयरमेन जाहिद हुसैन ने कहा कि अब हरियाणा में एक लाख 80 हजार रुपये से कम आय वाले परिवार की बेटी को कॉलेजों में मुफ्त शिक्षा दी जाएगी, इसके लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा कर दी है। उन्होंने ने कहा कि ऐसे गरीब परिवार जिन के घर में कोई नौकरी नहीं है, उसे 5 अंक अतिरिक्त दिए जा रहे हैं। उन्होंने ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का उद्देश्य प्रत्येक परिवार में चूल्हा जले, इसके लिए लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों को आत्म निर्भर बनाने के लिए बैंकों से ऋण उपलब्ध करवाकर सरकार स्वरोजगार से जोड़ रही है। ऋण उपलब्ध करवाने के लिए गांरटी सरकार दे रही है और ऋण पर जो ब्याज लगेगा वह भी सरकार देगी।

उन्होंने ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बताया कि सरकार द्वारा गरीब परिवारों के बच्चों को मान्यता प्राप्त प्राईवेट विद्यालयों में पढने. के लिए समान प्रदान करने के उद्देश्य से चिराग के नाम से महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र से जोडक़र पात्र लाभार्थियों को घर बैठे 397 योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है और बुजुर्गो को पेंशन बनवाने के लिए सरकारी कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, उनकी आयु 60 वर्ष पूरी होने पर स्वयं ही पात्र व्यक्ति की पेंशन लगाई जा रही है।



जाहिद हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि 2047 तक भारत आत्मनिर्भर और विकसित भारत बन जाएगा। उन्होंने बताया कि हमें अपने खान-पान को बदलना होगा और हमें अपने खान-पान में ज्यादा से ज्यादा मोटे अनाज का प्रयोग करना चाहिए तभी हम निरोगी बन सकते हैं।

चेयरमेन जाहिद हुसैन ने इस मौके पर लोगों की समस्याएं एवं शिकायती भी सुनी और लोगों को आश्वासन दिया कि वह उनकी सभी मांगों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष रख कर उन्हें जल्द पूरा करने की मांग करेंगे। चैयरमेन जाहिद हुसैन ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में गांव सालाहेडी मे दर्जनो लाभार्थीओ को उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन भी वितरित किए इसी प्रकार आयुष्मान कार्ड के तहत किए गए उनकी आंखों एवं अन्य बीमारियों के निशुल्क इलाज के लिए सरकार का धन्यवाद किया विकसित भारत संकल्प जन संवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं के माध्यम से दिए जा रहे लाभ की भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इस मौके पर जेद, मास्टर उसमान, हारूण, कल्लू, बरकत, आलम, नदीम खान, राहुल, ग्राम सचिव सहित सभी महकमौ के अधिकारी कर्मचारी व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपा नेता चौ. जाकिर हुसैन की माता के निधन पर परिवार को सांत्वना देने पंहुचे हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल

**परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा व अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने भी नूँह पंहुचकर ज़ाकिर हुसैन व परिवार को दी सांत्वना**

**पांचवे दिन भी नूँह निवास पर राजनैतिक, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक, धार्मिक, उद्योग जगत की प्रमुख हसतियों का लगा रहा ताँता**



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पांचवें दिन भी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के नूँह निवास पर उनकी माता व पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन की धर्मपत्नी स्व: श्रीमती जमीला बेगम के निधन के बाद उन्हें ख़िराज-ए-अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश करने वालों का लगातार ताँता लगा रहा। प्रमुख रूप से हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल आई ए एस, हरियाणा के वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी आई ए एस, हरियाणा के परिवहन व खनन मंत्री मूलचंद शर्मा, हरियाणा सरकार में श्रम मंत्री अनूप धानक व पूर्व मंत्री राव नरवीर सिंह ने पंहुचकर अपने पारिवारिक मित्र चौधरी ज़ाकिर हुसैन की माता स्व: जमीला बेगम को ख़िराज-ए-अकीदत पेश की तथा उनके पूरे परिवार को सांत्वना दी। पूरे दिन कई पार्टियों के राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक, धार्मिक व उद्योग जगत की की प्रमुख हसतियाँ पंहुची।

मुख्य सचिव संजीव कौशल व परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी ज़ाकिर हुसैन को सांत्वना देते हुए कहा कि स्व: जमीला बेगम की सादगी, सरलता और उनके द्वारा गरीबों, मजलूमों व बेसहारा लोगों के लिए किए गए कार्य व प्रयास सराहनीय हैं। वे अपने द्वारा किए गए अच्छे कार्यों के लिए हमेशा याद की जाएंगी। बड़े परिवार से होते हुए भी उनमें जो सादगी और भलाई थी, उन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। वे इस दुख की घड़ी में उनके साथ हैं। स्व: जमीला बैगम बहुत ही मिलनसार, सरल स्वभाव की धनी व जनसेवा करने वाली महिला थी। जमीला बेगम जैसी दयावान महिलाएँ सदियों में पैदा होती हैं। मेवात क्षेत्र को उनके जाने से बहुत बड़ी क्षति हुई है। आज पूरे ईलाके में शोक का माहौल है। उन्होंने अपने पूरे परिवार को पढा लिखाकर इस काबिल बनाया है कि आज पूरा परिवार मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन के पदचिन्हों पर चलकर पूरे मेवात क्षेत्र चाहे वे हरियाणा हो या राजस्थान 36 बिरादरी के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि मरहूम चौश मौश यासीन खाँ, मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन व स्व: जमीला बेगम के द्वारा किए गए मेवात क्षेत्र के लोगों के लिए अथक प्रयासों के लिए मेवात के लोग हमेशा इस परिवार के कर्जदार रहेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें जब भी स्व: जमीला बेगम से मिलने का मौका मिला, हमेशा माँ की तरह प्यार-स्नेह व आशीर्वाद दिया। इस मौके पर मुख्य सचिव संजीव कौशल ने मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन व चौधरी ज़ाकिर हुसैन द्वारा मेवात क्षेत्र के लोगों की भलाई के लिए किए गए प्रयासों की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि उनके दिल में मेवात के लोगों की भलाई के लिए जो फिक्र है वो किसी और नेता में नहीं दिखी।

उल्लेखनीय है कि रविवार को मेदांता अस्पताल में स्व: जमीला का उपचार के दौरान देहांत हो गया था। वे लगभग 86 वर्ष की थी। उन्हें सोमवार को दोपहर करीब 3 बजे नूँह के यासीन मेव डिग्री कॉलेज में बने मजार में मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन की कब्र के समीप दफनाया गया था। उनकी नमाज़-ए-जनाजा व तदफीन में हिंदुस्तान के कौने-कौने से सभी पार्टियों के राजनेता, समाजसेवी, उलेमा हज़रात व उद्योगपति आदि के अलावा हजारों लोग शामिल हुए थे।

**शुक्रवार को प्रमुख रूप से कौन-कौन पंहुचे:**

जिला उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा, सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संदीप तनेजा, सिंचाई विभाग के एस ई आर के बोड़वाल, उद्योगपति सुशील भारद्वाज, इंडिगो एयरलाईंस के मालिक अरूण भाटिया, राष्ट्रीय नवचेतना मंच के राष्ट्रीय संयोजक विजय सोमाणी, नरेश गहलोत चेयरमैन, नरेन्द्र यादव चेयरमैन, उद्योगपति भूपेन्द्र कौचर, आम आदमी पार्टी के गुरूग्राम से जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र खटाना अभयपुर, प्रवीण साँघी, महामहिम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के भाँजे विनोद चौधरी, चेयरमैन संजय मनौचा, हरीश शर्मा बॉबी, वरिष्ठ समाजसेवी संजय गर्ग बिट्टू, मनोज कुमार मलाई, मनोज टीनू, मौलाना असरूद्दीन तेड़, मौलाना हनीफ, जगन सिंह पार्षद, समय सिंह, सरदार जी एस मलिक, आदि के अलावा सैंकड़ो गणमान्यों ने पंहुचकर मरहूमा जमीला बेगम को ख़िराज-ए-अकीदत पेश की।

# नई जिला कार्यकारिणी में कर्मठ व मजबूत साथियों को दी जाएगी नियुक्ति : नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जान मोहम्मद

## जिला कार्यालय पर नए जिलाध्यक्ष जान मोहम्मद का किया स्वागत

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह में जेजेपी जिला कार्यालय पर जेजेपी के वरिष्ठ नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। जिसमें नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जान मोहम्मद का फूल माला डालकर मीठा मुंह किया गया। मीटिंग को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जान मोहम्मद ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसको पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभा कर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। जिला मेवात का नया संगठन बनाया जाना है ।उन्होंने नेताओं व कार्यकर्ताओं से जल्द अच्छे व मेहनती पदाधिकारी बनाने हेतु नाम देने के लिए कहा। बैठक में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री आजाद मोहम्मद, अल्पसंख्यक प्रदेश प्रभारी बदरूद्दीन व प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने पार्टी को मेवात में और अधिक मजबूती देने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला प्रदेश के कोने-कोने में घूमकर विकास करने में लिए तथा लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं के निवारण हेतु चौबीस घंटे तत्पर रहते है।



प्रदेश में जेजेपी के प्रति लोगों का विश्वास व जेजेपी का कुनबा निरंतर बढ़ रहा है। युवा नेता साकिर हुसैन ने भी जेजेपी पार्टी की नीतियों का बखान कर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की तारीफ कर पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर और मजबूती से काम करने का कार्यकर्तागणों से आग्रह किया। बैठक में नूहँ हल्का अध्यक्ष आस मोहम्मद, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष आरिफ खान तेड व अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव नसीम खान,सलमान खान, अब्दुल हमीद सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता व साथीगण उपस्थित रहे।

# कन्या गुरुकुल में स्वच्छता के प्रति जागरुक कर वितरित किए निशुल्क जूते

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** आर्य कन्या गुरुकुल में पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज ने प्रधानमंत्री के बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरुकुल मे हवन का आयोजन किया गया द्य जिसमे मुख्य यजमान पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के मुख्य संयोजक आर्यवीर लायन विकास मित्तल, सहसंयोजक अल्पना मित्तल और वैश्य भारती के सम्पादक हितेश जिंदल थे। हवन आर्य समाज की आचार्य शिव कुमार शास्त्री, आचार्या रेखा बहन और गुरकुल की बर्चचियों ने करवाया। कार्यक्रम के संयोजक विकास मित्तल ने बर्चचियों को जागरुक करते हुए कहा कि स्वच्छता में जीवन की सार्थकता छिपी है। स्वच्छता के माध्यम से न केवल सोच में बदलाव आता है अपितु समाज के प्रति दृष्टिकोण भी बदलता है जिससे सामाजिक उन्नति भी होती है।



अल्पना मित्तल ने कार्यक्रम मे भाग लेने वाले बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक खुद तथा औरों को जागरूक बनाने का संकल्प कराया। सभी ने यह शपथ ली कि वह अपने आस-पास सफाई रखेंगे तथा औरों को भी इसके प्रति प्रेरित करेंगे। उन्होने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से देश भर में स्वच्छता को एक मिशन के रूप मे चलाते हुए सभी राज्यों में इसे दिनचर्या का अंग बनाने का प्रयास किया जा रहा है। हवन के बाद गुरुकुल की बर्चचियों ने बहुत ही सुन्दर और कर्णप्रिय भजन भी सुनाए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों को शिवदयाल सेठी, दीपक सिंगला के सहयोग से बिस्कुट के अलावा निशुल्क जुते भी वितरित किये गये। इस अवसर पर सुबेदार नन्नु सिंह डांगी, पकंज गुप्ता, डा. कुलदीप सिंह चौहान, डा. प्रदीप कुमार, ललित गर्ग, विकल्प , रुद्र आदि ने भी कार्यक्रम में सहयोग दिया द्य

# ठंड से पशुओं को बचाने की पशु चिकत्सकों ने दी पशु पालकों को सलहा

**ठंड में पशुओं को गुड अवश्य खिलाएं, गुड से पशु के अंदर एनर्जी पैदा होती है : डाक्टर महेंदर सिंह पशु पालन विभाग**

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** इस समय कई दिनों से जिले में लगातार लोगों को कपकपा देने वाली ठंड पढ़ रही है इस ठंड में लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है वहीं इस ठंड से पशु भी काफी परेशान हैं ।इस ठंड से पशु पालक अपने पशुओं को केसे बचाएं इस बारे में पशु विभाग के डाक्टरों ने पशु पालकों को सलहा दी। पशु पालन विभाग के डाक्टर महेंदर सिंह ने पशुओं को ठंड से बचाने के लिए पशु पालकों को जानकारी देते हुए बताया की इस समय कई दिनों से ठंड जायदा पड़ रही है। ठंड की वजह से जहां लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है वहीं इस ठंड में पशुओं को भी भारी परेशानी हो रही है। डाक्टर महेंदर सिंह ने बताया की इस ठंड में पशु पालकों को अपने पशुओं की देखभाल करना बहुत अनिवार्य है। इस ठंड ने पशु पालक पशुओं को गर्म पानी पिलाएं या



ताजा पानी पिलाएं रात का रखा हुआ पानी नही पिलाएं। उन्होंने कहा की पशुओं को गुड अवश्य खिलाएं क्यों की इस मौसम में पशुओं को गुड खिलाना बहुत जरूरी है क्यों की गुड पशु के अंदर एनर्जी पैदा करता है और पशु को ठंड से बचाने में मदद करता है। डाक्टर ने बताया की इस ठंड में पशु पालक अपने पशुओं को बाहर नही निकाले अगर बाहर निकाले तो उसके ऊपर बोरी या कोई कपड़ा अविष्य डाले और रात होने से पहले ही पशुओं को अंदर कर दें। जब धूप निकले तो पशुओं को बाहर निकाले। डाक्टर ने बताया की इस मौसम में पशु पालक अपने पशुओं के खान पान का विशेष ध्यान रखें हरा चारा सूखे भूसा में मिलाकर जरूर खिलाएं और जो आहार देते हैं उसकी रोजाना देना चाहिए ताकि पशु इस ठंड से बच सके और उसके तबेले में सेंधा नमक का टुकड़ा डालकर रखे ताकि पशु को कब्ज नहीं हो क्यों की इस मौसम में पशु को कब्ज बहुत होती है ।उन्होंने बताया की पशु को कब्ज होने का मुख्य कारण उसका कम पानी पीना है। उन्होंने बताया की पशुओं के बच्चों की भी इस ठंड में देखभाल बहुत जरूरी है क्यों की उनको जायदा ठंड लगती है। पशुओं के बच्चों को ठंड की वजह से दस्त हो जाते हैं और बुखार हो जाता है इसकी बच्चे की पीट के ऊपर बोरी या कोई गर्म कपड़ा बांधकर रखना चाहिए। डाक्टर महेंदर सिंह ने बताया की पशु पालको को यह ध्यान रखना चाहिए की उसके पशु की नाक से पानी तो नही निकल रहा है या उसकी आंखों से आंसू तो नही आ रहे हैं अगर ऐसा होता है तो तुरंत डाक्टर को चेक कराएं क्यों की इस स्थिति में पशु को बुखार बन जाता है और उसके पास आग जलाकर रखें ताकि उसकी सिकाई हो सके । उन्होंने कहा की अगर पशु पालक इन बातों का ध्यान रखते हैं तो पशुओं को ठंड से बचाया जा सकता है।

# नगर परिषद के ट्रेक्टर ट्राली द्वारा सड़क पर डाला जा रहा है कूड़ा आने जानें वाले परेशान

**नगर परिषद द्वारा बनाए गए अवैध कूड़ा डंपिंग की वजह से लोग परेशान लोगों में सांस की बीमारी होने की आशंका**

**जोहड़ में डाला जा रहा है कुढ़ा जबकि हरियाणा सरकार द्वारा जोहड़ों का किया जा रहा है सौंदर्यकरण**

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** होडल नगर परिषद प्रशासन ने गांव गढ़ी पट्टी सड़क मार्ग के पास बनाई गई अवैध रूप से कूड़ा डंपिंग पर नगर परिषद के ट्रेक्टर ट्राली द्वारा सड़क मार्ग पर ही कूड़ा डाला जा रहा है । जिससे सड़क मार्ग से आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने कहा की इस कूढ़े की वजह से आस पास रहने वाले लोगों को सांस जेसी बीमारी होने लगी है । इतना ही नही नगर परिषद द्वारा जहां यह कुढ़ा डाला जा रहा है यह एक जोहड़ है जबकि हरियाणा सरकार द्वारा जोहडों का सौंदर्य करण किया जा रहा है जबकि यहां पर जोहड़ को पूरी तरह से कूड़ा डालकर मिटाया जा रहा है। होडल लालपुर सड़क मार्ग पर राबिया पट्टी के समीप नगर परिषद के ट्रैक्टरों द्वारा कूड़े को भरकर बीच सड़क पर ही डाला जा रहा है। शहर निवासी पूर्व चेयरमैन जय सिंह राबिया, लाल सिंह गढ़ी, मास्टर भागमल, पूर्व सरपंच मास्टर मनोहर लाल, अजय



सौरोत, मास्टर सरजीत, जिले सिंह गढ़ी , घनश्याम, डाक्टर जयपाल, डाक्टर बिजेंद्र, मोहन सिंह,मोहन सौरोत, आशाराम, श्यामलाल मेहंबर ने जानकारी देते हुए बताया की राबिया पट्टी के समीप लगभग 3 एकड़ में बनी जोहड़ बहुत पुरानी है और इस जोहड़ के अंदर होडल नगर परिषद द्वारा कूड़ा डाला जा रहा है। जबकि हरियाणा सरकार द्वारा जोहड़ों का सौंदर्य करण किया जा रहा है। सरकार द्वारा क्षेत्र के कई गांवों में जोहड़ो का सौंदर्य करण किया जा चुका है लेकिन होडल नगर परिषद द्वारा जोहड़ का सौंदर्य करण करने की बजाय इसके अंदर कूड़ा डालकर जोहड़ को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। इतना ही नहीं नगर परिषद द्वारा यहां पर जो कूड़ा डंपिंग बनाया गया है यह पूरी तरह से अवैध बनाया गया है क्योंकि यहां पर कूड़ा डालने की शहर के बीचों बीच कोई भी अनुमति नहीं दी जा सकती है।

एनजीटी के आदेशों के अनुसार शहर से लगभग 2 से 3 किलोमीटर दूरी पर कूड़ा डंपिंग जॉन बनाकर कूड़ा डालना चाहिए लेकिन उसके बाद भी शहर के बीचों-बीच यहां कूड़ा डाला जा रहा है। इसके आसपास रहने वाले लोगों को इस कूड़े के अंदर से उठने वाली बदबू से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । इस कूड़े की वजह से लोग इस सड़क मार्ग पर सुबह शाम सैर भी नहीं कर सकते हैं घूम फिर भी नहीं सकते हैं। क्योंकि इससे बहुत विषैली दुर्गंध आती है जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही घातक सिद्ध होती है। इन लोगों ने कहा की इसकी शिकायत कई बार क्षेत्र के नेताओं से नगर परिषद के अधिकारियों से उपमंडल अधिकारी से कर चुके हैं लेकिन उसके बाद भी यहां पर रोजाना कूड़ा डाला जा रहा है । यह कूड़ा जमीन से कई कई फीट ऊपर पहुंच चुका है जो यहां आस-पास रहने वाले लोगों के लिए एक बहुत बड़ा खतरा पैदा होने जा रहा है। इतना ही नही कई बार कूड़े के ढेर में आग लगने से निकलने वाले धुएं से प्रदूषण का एक मुख्य कारण है। इस प्रदूषण की वजह से आसपास के रहने वाले लोगों के जीवन पर संकट के बादल छा रहे है। लोगों ने कहा की नगर परिषद द्वारा डंपिंग साइट पर प्रतिदिन 40 से 50 टन कूड़ा डाला जाता है, लेकिन कूड़ा निस्तारण के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं है। लोगों में कहा की गांव गढ़ी पट्टी रोड पर जहां नगर परिषद ने कूड़ा डालने के लिए डंपिंग साइट बनाई है, वह पूरी तरह से खुली है। डंपिंग साइट के चारों तरफ कोई दीवार तक नहीं बनाई गई है। यह कूड़ा पूरी तरह से रोड पर आ जाता है। डंपिंग साइट पर पानी भरने के कारण यहां से निकलना मुश्किल हो जाता है, क्योंकि पानी व कूड़ा मिलने से भयंकर बदबू का वातावरण बन जाता है।

**नगर परिषद के ट्रेक्टर चालक**

जब इस बारे मे नगर परिषद के ट्रेक्टर से कूड़ा डालने के लिए आए ट्रेक्टर चालक मुबीन खान से बात तो उसने लड़खड़ाते हुए कहा की उन्होंने रोड पर केवल ट्राली का डाला खोला वह इस कूढ़े को तो अंदर डालेंगे लेकिन तस्वीरों में साफ दिखाई दे रहा है की रोड पर कीचड़ और कूड़ा पड़ा हुआ है।

# सरकार की योजना हर घर नल, नल से स्वस्छ मिले पीने के लिए जल इसको लेकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा किया गया शिविर का आयोजन

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** हरियाणा सरकार द्वारा हर नागरिक को स्वच्छ जल पीने के किए मिले इसको लेकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से कलोरिन का सुरक्षित संचालन और उसकी आपातकालीन तैयारियां से संबंधित प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रमों का आयोजन किया रहा है । यह प्रशिक्षण अलकली मैन्युफैक्चरिंग ऐसीयोसेशन ऑफ इंडिया के द्वारा किया गया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से जिला सलाहकार कुसुम जांगड़ा ने लोगों को जानकारी देते हुए बताया। देश के प्रधान मंत्री का उद्देश्य है की देश के गर नागरिक को स्वच्छ जल पीने के किए मिले जिसको लेकर गांव गांव में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की तरफ से शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला सलाहकार कुसुम जांगड़ा ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से जिले भर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांवों में स्टॉल लगाई जा रही है। विभाग द्वारा ग्रामीणों को पानी की गुणवत्ता व शुद्धता से



संबंधित पानी की जांच के तरीके जैसे पानी में बैक्टीरिया की मात्रा, टी डी एस का स्तर, पानी में क्लोरिन की मात्रा व पानी में अम्लता की मात्रा से संबंधित टेस्ट करके दिखाए जाते है ताकि ग्रामीणों को अपने पीने के पानी की गुणवत्ता और शुद्धता की सही जानकारी प्राप्त हो सके। साथ ही अन्य पानी से संबंधित समस्याओं के लिए विभागीय टोल फ्री नंबर 18001805678 की जानकारी भी दी जा रही है इसके अलावा शिविर में लोगों को पानी बचाने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। जल जीवन मिशन का सपना तभी साकार होगा जब शुद्ध पीने का पानी हर नागरिक को उपलब्ध हो और पानी की बचत हो। उन्होंने बताया की इसी दिशा में फील्ड स्तर पर कार्य कर रहे डबल्यू पी ओ, पंप अटेंडेंट को यह प्रशिक्षण दिया गया। कुशुम जांगड़ा ने बताया कि अलकली मैन्युफैक्चरिंग ऐसीयोसेशन ऑफ इंडिया की तरफ से योगेश चंद स्वामी का स्वागत उपमंडल अभियंता तिरलोक चंद मंगला ने किया। उपमंडल अभियंता ने अपने संबोधन में फील्ड स्टाफ को निर्देश दिए कि आज के प्रशिक्षण को लगन और गंभीरता से सुने व सीखे और अपने फील्ड में सिखाए गए नियम और शर्तों का उपयोग करे। इस तरह के प्रशिक्षण हमारे लिए काफी उपयोगी है इसलिए हमें इनसे सीखना है और फील्ड स्तर पर लागू करना है। प्रशिक्षण के दौरान कहा की क्लोरिन को कितनी मात्रा में प्रयोग करना चाहिए जिससे पानी की गुणवत्ता में कमी ना आए। क्लोरिन प्रयोग करने वाले को सुरक्षा के नियम और शर्तों के अनुसार ही प्रयोग करना चाहिए। प्रशिक्षक ने प्रशिक्षण के दौरान व्यवहारिक तौर पर यंत्रों का प्रयोग करके क्लोरिन का सुरक्षित संचालन और आपातकालीन तैयारियां से प्रशिक्षित किया साथ ही भारत सरकार की क्लोरिन का प्रयोग, सुरक्षित संचालन, आपातकालीन तैयारियां आदि से संबंधित नियम व शर्तों से भी अवगत करवाया गया ।

**लोगों ने किया देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद**

वहीं जब इस जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा लगाए गए शिविर में पहुंचे महिला पुरुषों से बात की तो उन्होंने बताया की उनको इस बारे में आज ही पता चला है की पानी के अंदर कौन कौन से तत्व होते हैं और किस तरह का पानी पीना चाहिए इस बारे में भी उसकी जानकारी मिली है ।उन्होंने कहा की इस तरह से कार्यक्रम समय समय पर होते रहने चाहिए ताकि लोगों को पानी की गुणवत्ता के बारे में पता चल सके । उन्होंने कहा की इस योजना जी तहत उनके घरों में पीने के किए स्वच्छ पानी पहुंच रहा है इसके लिए वह देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हैं ।इस शिविर में सुरेंद्र सरोहा, राजबीर सिंह व कनिष्ठ अभियंता गजे सिंह, तेजबीर सिंह, परवीन कुमार, योगेंद्र कुमार, राहुल कुमार, ओम प्रकाश, कृष्ण कुमार, आरिफ अंसारी, सुरेंद्र सिंह, मोहित कुमार, समीम उल्लाह, बी आर सी मंजू रानी, विश्वास, कुलदीप सिंह और जिले भर से सभी डबल्यू पी ओ व पंप अटेंडेंट मौजूद रहें।

# अंबेडकर मेधावी छात्रवृतति योजना में किए गए आवदनों में से जल्द दूर करवाएं त्रुटि : डीसी नेहा सिंह

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**



**पलवल।** उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि डा. भीमराव अंबेडकर मेधावी संशोधित छात्रवृतति योजना-2023-24 के अंतर्गत छात्रवृतति हेतू इस वर्ष उत्तीर्ण हुए दसवीं कक्षा के सभी वर्गों जैसे-अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग (ब्लॉक ए व बी) एवं अन्य सभी समुदाय के विद्यार्थी व बारहवीं तथा स्नातक की छात्रवृतति हेतू अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा छात्रवृतति के आवेदन किए गए है, जिनमें से बहुत से ऐसे आवेदन भरे गए हैं, जिनके दस्तावेज स्कीम की हिदायत अनुसार पूर्ण नहीं करवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिनके आवेदन पत्र अपूर्ण हैं व जिला कल्याण कार्यालय द्वारा जिन आवेदनों पर आपतति लगाई गई है, वे छात्र अपने आवेदन पर लगी त्रुटि को जल्द से जल्द दूर करवाएं, ताकि योजना का लाभ उठाया जा सके। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए पुराना कोर्ट परिसर स्थित जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय पलवल से संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा जिन छात्रों ने अभी तक छात्रवृति हेतू आवेदन नही किया है वे आगामी 31 जनवरी 2024 तक आवेदन करके स्कीम का लाभ उठाएं।

# गांव लुलवाडी से अनाधिकृत अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट किए नियुक्त: नेहा सिंह



**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** जिलाधीश नेहा सिंह ने दंड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा 22 ( I) और 23 ( II) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गांव लुलवाडी के मकरंद चौक से अनाधिकृत अतिक्रमण हटाने के दौरान आगामी 10 जनवरी 2024 को कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए बीडीपीओ हसनपुर प्रदीप को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट दंड प्रक्रिया संहिता-1973 में निहित कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करेंगे। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशानुसार सभी संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करेंगे कि संबंधित भूमि एवं उपरोक्त कार्यवाही पर किसी न्यायालय की ओर से कोई रोक/यथास्थिति आदि न हो तथा डीमार्केसन कार्य नियमानुसार हो और धूल नियंत्रण के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन हो। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों और इस संबंध में विभिन्न सीपीसीबी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए।

# अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्म-नियंत्रण कर नशे से छुटकारा पा सकते है नशा ग्रस्त युवा : एसपी डॉ अंशु सिंगला

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** जिला पुलिस द्वारा जहां नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है, वहीं जागरुकता कार्यक्रमों के तहत गांव-गांव में पुलिस अधिकारी जाकर युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़कर उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिसके काफी सार्थक परिणाम सामने आ रहे है। नशे के खिलाफ चलाई जा रही इस मुहिम के तहत युवाओं से आह्वान करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला ने कहा है कि युवा नशे से दूर रह कर शिक्षा व खेल कूद की गतिविधियों में अपनी ऊर्जा लगाएं। उन्होंने कहा कि नशे से ग्रस्त युवा अपनी दृड़ इच्छाशक्ति और आत्म- नियंत्रण कर नशे से छुटकारा पा सकतें है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अगर किसी वजह से युवा गलत संगत का शिकार होकर नशे की दल-दल में फस गया है, तो वह इस बारे पुलिस प्रशासन को सूचित करें, ताकि स्थानीय प्रशासन के सहयोग से उसका ईलाज करवाकर समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि नशे की लत बहुत बुरी चीज है, यह खुद को तो



नुकसान पहुंचाती है, साथ ही परिवार और करीबियों को भी बहुत परेशान करती है। पुलिस अधीक्षक ने नशे से ग्रस्त युवाओं से कहा कि नशा छोड़ने में सबसे बड़ी भूमिका मजबूत इरादों का होना अंत्यत जरुरी है। उन्होंने कहा कि अगर मन में ठान लिया कि अब दोबारा नशे को हाथ नहीं लगाना है, तो पहले मन में आत्मविश्वास बढ़ाएं फिर खुद पर भरोसा करना शुरु करें । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा छोड़ने में घर वालों का सपोर्ट भी काफी सहायक सिद्ध होता है, इसलिए नशा ग्रस्त युवकों को नशा छुड़वाने में उनके घर वाले अहम भूमिका निभाएं तथा उन्हें दोबारा गलत संगत का शिकार न होने दें। पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला ने बताया कि नशा छोड़ने की प्रक्रिया के दौरान युवा अपनी फिजिकल हेल्थ का ख्याल रखें तथा संतुलित डाइट के साथ साथ एक्सरसाइज तथा खेलों को अपनी दिनचर्या में अवश्य शामिल करें। उन्होंने बताया कि नशा छोड़ने के लिए या नशे से अपने आपको मुक्त करने के लिए किसी डॉक्टर या काउंसिलर की मदद जरूर लेनी चाहिए जिससे नशे से छुटकारा पाने में काफी मदद मिलेगी।

सिटी 24 न्यूज
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नवल सिंह द्वारा कहकशा ग्राफिक्स, 1501, गली कासिम जान, लाल कुआं, दिल्ली-110006 से मुद्रित करवाकर कार्यालय 273/3, मैजनाइन फ्लोर, मंटोला, पहाड़गंज ( नई दिल्ली )-110055 से प्रकाशित एवं प्रसारित। समाचार में प्रकाशित सभी लेखों, विचारों एवं समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इसके लिए लेखक ही स्वयं जिम्मेदार होगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल दिल्ली न्यायालय में ही मान्य होगा। मो. नं. 08826598195, ई-मेल: city24newsroom@gmail.com

# बिल्डरों की मनमानी के चलते मूलभूत सुविधाओं से महरूम है सेक्टरवासी : ललित नागर

## पूर्व विधायक के समक्ष सेक्टर-85 ई ब्लाक के लोगों ने रखी अपनी समस्याएं



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** तिगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-85 ई ब्लाक में रहने वाले लोग पिछले काफ़ी समय से मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे है। शिकायतें करने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है, जिसके चलते उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सेक्टर में व्याप्त समस्याओं के संदर्भ में स्थानीय निवासियों ने एक मीटिंग का आयोजन किया।

मीटिंग में मुख्य रूप से तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ललित नागर ने शिरकत की और लोगों की समस्याओं को जाना। इस दौरान लोगों ने पूर्व विधायक ललित नागर को बताया कि उनके सेक्टर की अधिकांश सडकें टूटी पड़ी है और बदहाल है, जिसके चलते लोगों को आवागमन में दिक्कतें पेश आती है, जब इन बदहाल सडकों को दुरूस्त करवाने के लिए वह प्रशासन व सरकार के नुमाइंदों से कहते है तो उनका कहना होता है कि बिल्डर इन सडकों को बनवाएगा, जबकि बिल्डर से जब कहा जाता है तो वह सडकों को बनवाने के लिए अनाप-शनाप पैसे मांगते है। लोगों ने बताया कि यहां बिजली की भी खासी समस्या है, वह चाहते है कि उन्हें बिजली सीधे विभाग द्वारा मिले क्योंकि बिल्डर द्वारा मनमाने रेट पर बिजली दी जाती है।

उन्होंने बताया बिल्डर ने यहां प्लाटिंग करके घर बनवाए थे, आज वह अनाप-शनाप मेंटेनेंस चार्ज मांगते है, जिससे लोगों की जेबों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है वहीं यहां सीवरेज की व्यवस्था भी काफी बेहाल है, आए दिन सीवरेज जाम रहते है और गंदा पानी सडकों पर आ जाता है, जिससे बदबू आती रहती है। इसके अलावा यहां सिक्योरिटी गार्डो की कमी है, जिसके चलते सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा रहता है, पार्क के नाम पर बिल्डर पैसे तो ले लेता है, लेकिन पार्क पूरी तरह से विकसित नहीं किए है। इसके अलावा यहां की सडकों पर स्ट्रीट लाईटें खराब पड़ी है,जिसके चलते यहां आपराधिक वारदातें घटित होने का भय बना रहता है। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि भाजपा सरकार बिल्डरों के हाथों की कठपुतली बनी हुई है, सरकार और बिल्डरों की मनमानी के चलते यहां के लोग बुनियादी सुविधाओं से महरूम है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का विकास केवल कागजों तक सिमटा हुआ है,र जबकि जमीनी स्तर पर विकास शून्य है। श्री नागर ने लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने पर उनकी सभी समस्याओं का जड़मूल से समाधान करवाया जाएगा और लोगों के खून पसीने की कमाई को हड़पने वाले बिल्डरों के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी तथा बिल्डरों की जवाबदेही तय की जाएगी अगर उन्होंने तय समय सीमा के अंदर लोगों को सुविधाएं नहीं दी तो उनके खिलाफ एफआईआर तक दर्ज करवाई जाएगी। इस मौके पर सुमेर सिंह सोरौत, केसरी नंदन सोरौत, संदीप शर्मा, वीरेंद्र सोरौत, पी एस राघव, एस एन सिंह, गोपाल नेगी, राजेश दुग्गल, राजेश शर्मा, सुरेंद्र सिंह चौहान, ईश्वर, राजीव शर्मा, विकास नागर, अजय मित्तल, डा.उमेश, अमन जैन, योगेश नरवत, भविष्य वशिष्ठ सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# भाजपा सरकार में नारकीय जीवन जीने को मजबूर एनआईटी के बाशिंदे : धर्मबीर भड़ाना



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** खट्टर सरकार एन आई टी 86 विधानसभा क्षेत्र को नर्क बना दिया है । इस विधानसभा क्षेत्र का सेक्टर हो कॉलोनी हो या गांव हों हर जगह के लोग नरकीय जीवन जी रहे हैं। यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का जिन्होंने विधानसभा क्षेत्र के गांव फतेहपुर तगा से मादलपुर जाने वाली खस्ता हाल सडक़को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया । इस मौके पर धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि कई वर्षों से इस सडक़पर हमेशा सीवर का पानी भरा रहता है । पीडब्ल्यूडी के अधिकारी और यहां के विधायक गहरी नींद में सो रहे हैं । यहां की जनता विधायक के दरवाजे का चक्कर लगाकर थक चुकी है । जनता विधायक के घर जाती है तो कहा जाता है, वह विदेश राम कथा पढने. गए हैं । स्थानीय विधायक यहां सिर्फ वोट मांगने आए थे उसके बाद नहीं दिखाई पड़े । उन्होंने कहा कि सभी गांवों और कालोनियों की सडक़ों पर सीवर का पानी भरा है । कई लोगों की मौत हो चुकी है और दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं तब भी संबंधित अधिकारी और सत्ताधारी गहरी नींद में सोए हैं जो बहुत ही निंदनीय है । उन्होंने कहा कि इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और जनता सत्ताधारी नेताओं को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है । लोग आम आदमी पार्टी को उम्मीद भरी नजर से देख रहे हैं और हरियाणा में इस बार आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी । इस मौके पर मोहसिन खान, जुल्फा नंबरदार, अजहरुद्दीन, कासिम खान, असगर खान ,मोहम्मद अजहर, अनीस, युसूफ, अज्जू, मोईन ,आसिफ, इस्लाम, राजेंद्र, सुंदर, सलीम, साजिद तंवर, हकीम खान, इमरान खान, जुम्मा खान, इरशाद खान, शाहरुख खान, फजरूद्दीन, कलाम, रामपाल, नासिर, रफीक, जाकिर, नफीस, सतीश, अनिल सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने विधायक नीरज शर्मा मुर्दाबाद के नारे लगाए ।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकारी योजनाओं से वंचित लोगों तक पहुंचना : टिपर चंद शर्मा



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम अब लोगों के लिए अहम साबित होने लगे हैं। एक ओर जहां इन कार्यक्रमों के माध्यम से पात्र लोगों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न योजनाओं तहत दर्ज लोगों के डाटा की गलतियों को भी ठीक किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के दिशा-निर्देश पर बीजेपी नेता टीपर चंद शर्मा ने अग्रवाल धर्मशाला, बल्लभगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके पश्चात अग्रसेन पार्क चावला कॉलोनी बल्लबगढ़ में भी विकसित भारत यात्रा का आयोजन किया गया। भाजपा नेता टीपर चंद शर्मा ने कहा कि यात्रा के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में न केवल जागरूक किया जा रहा है बल्कि उन्हें योजनाओं का लाभ भी पहुंचाया जा रहा है। कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा में इस यात्रा की देखरेख वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जा रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बनी है, जो अब तक सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ पाए। भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा ने इस मौके पर सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलवाई। वहीं सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन पार्टी द्वारा सरकार की हिदायतों के अनुसार सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी गीतों के जरिये बेहतर प्रस्तुतियां दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित शिविरों में योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को चिह्नित करके उन्हें पीएम-स्वनिधि, हेल्थ कैंप, आयुष्मान कार्ड, आधार अपडेट, पीएम-उज्ज्वला योजना का ऑन स्पॉट लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त चिकित्सा शिविर लगा कर लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा दवाओं का वितरण भी किया गया। स्टॉल लगाकर अधिकारियों द्वारा लोगों को मोटा अनाज पर विशेष जानकारी उपलब्ध करवाई गई और अधिक से अधिक मोटा अनाज उपजाने तथा प्रयोग में लाने का आह्वान किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्रचार वाहन पर एलईडी के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को लघु फिल्म के रूप में दिखाया जा रहा है। शिविर के दौरान प्रचार वाहन के माध्यम से लोगों को उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, सुकन्या योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं। इस अवसर पर सभी विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी तथा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने में बड़ी कारगर साबित होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा : धर्म चौधरी



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन गांव अटेरना में आयोजित हुआ। धर्म चौधरी ने कहा कि भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने में विकसित भारत संकल्प यात्राएं बड़ी कारगर साबित होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ही हमारा देश पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र बनेगा।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की बात पर उन्होंने सभी स्टालों का बारीकी से अवलोकन कर मोदी जी के गारंटी वाले रथ यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत कर अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश भी दिए। जिप वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने में विकसित भारत संकल्प यात्रा बड़ी कारगर साबित होगी। लोगों को दिलवाई जा रही संकल्प शपथ लोगों देश के प्रति उनके कर्तव्य का एहसास करवा रही है। उन्होंने कहा कि ड्रोन आने वाले समय में हर व्यक्ति की जरूरत बनेगा।

उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में नमो ड्रोन दीदी योजना शुरू की गई है। इसके तहत ड्रोन दीदी महिलाओं को 15000 ड्रोन 80 प्रतिशत सबसिडी पर मुहैया कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ड्रोन आने वाले समय में हर व्यक्ति की जरूरत बन जाएगा। ड्रोन दीदी बनाने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा और ड्रोन दीदी को ड्रोन पर 80 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। वहीं महानगरों में पर्यावरण संरक्षण के लिए ड्रोन की अहम भूमिका रहेगी। आने वाले समय में हर व्यक्ति की जरूरत बन जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही हमारा देश पूर्ण रूप से विकसित बनेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि जब वर्ष 2047 में देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे हों, तब तक हमारा देश पूर्णरूप से विकसित हो, इसके लिए हम सभी का योगदान जरूरी है। हमे नागरिक होने का कर्तव्य निभाना है। बीजेपी प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा ने अपने संबोधन में कहा कि देश को विकसित बनाने में सबसे बड़ी भूमिका युवा पीढ़ी है, उनको किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना होगा। उनमें अच्छे संस्कार होने जरूरी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी भी कह रहे हैं उनके लिए सबसे पहले युवा, महिलाएं, खिलाड़ी और किसान है, यह प्रधानमंत्री श्री मोदी की महत्वाकांक्षी सोच है। उन्होंने कहा कि ड्रोन हर व्यक्ति की जरूरत बनेगा। प्रधानमंत्री ने अन्य योजनाओं के साथ साथ रेल और सडक़ों की कनेक्टिविटी को मजबूत करने का किया है। यह देश के विकसित होने का ही प्रमाण है कि लोगों को पहले से कहीं अधिक बेहतर ढंग से शिक्षा, स्वास्थ्य व परिवहन की सेवाएं मिल रही हैं। देश में औद्योगिक विकास तेजी से हो रहा है। नौजवान को रोजगार मिल रहा है और गरीब और जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सरकार द्वारा व्यापारियों, कर्मचारियों के लिए अनेक जनहितैषी फैसले लेकर उनके कल्याण के लिए योजनाओं को क्रियानवित किया जा रहा है। वहीं किसान को अनाज का उचित दाम मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में किसानों के लिए ड्रोन का प्रदर्शन और महिला एवं बाल विकास विभाग का गोद भरवाई कार्यक्रम दोनों गांवों में आकर्षण का केंद्र बना।

# कर्मचारियों का फरवरी महीने के दूसरे सप्ताह में राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान : सुभाष लाम्बा



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** पुरानी पेंशन बहाली और आठवें पे कमीशन के गठन के इंकार से आक्रोशित कर्मचारियों ने फरवरी महीने के दूसरे सप्ताह में राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने का ऐलान किया है। यह फैसला अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ की कोलकाता में आयोजित नेशनल जरनल काउंसिल की बैठक में लिया गया। जरनल काउंसिल में 25 राज्यों को 579 डेलीगेट्स ने भाग लिया और सर्व सम्मति से हड़ताल के प्रस्ताव का समर्थन किया। यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने बताया कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तारिख की धोषणा अन्य कर्मचारी संगठनों के साथ बातचीत कर शीघ्र ही की जाएगी। उन्होंने बताया कि हड़ताल में पुरानी पैंशन बहाली, ठेका संविदा कर्मियों की रेगुलराइजेशन,जन सेवाओं एवं पीएसयू के निजीकरण पर रोक, खाली पदों को भर बेरोजगारों को रोजगार देने, आठवें पे कमीशन का गठन, कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के फ्रिज किए गए 18 महीने के डीए डीआर की रिलीज करने, ट्रेड यूनियन एवं लोकतांत्रिक अधिकारों की सुरक्षा, एनईपी व बिजली अमेंडमेंट बिल 2023 की वापसी, पैंशनर्ज की 65,70,75 व 80 साल की उम्र में बेसिक पेंशन में 5 प्रतिशत बढ़ोतरी करने, आयकर छूट की सीमा बढ़ाने,एक्स ग्रेसिया रोजगार स्कीम में लगाई गई शर्तों को हटाने आदि मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि हड़ताल को सफल बनाने के लिए और सरकार की जन एवं मजदूर-कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ सभी राज्यों में जन अभियान चलाने का भी फैसला लिया गया है। इस अभियान में जन सेवाओं के निजीकरण के आम जनता पर पडने. वाले प्रभावों से अवगत करवाया जाएगा और जन समर्थन हासिल किया जाएगा। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा ने बताया कि केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन बहाली और आठवें पे कमीशन के गठन से साफ मना कर कर्मियों के जले पर नमक छिडक़ने का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार नव उदारवादी आर्थिक नीतियों को बहुत तेजी से लागू कर रही है। सन् 2014 से 2023 तक सरकार ने बड़े पूंजीपतियों के 17.46 लाख करोड़ रुपए बट्टे खाते में डाल दिए हैं। कारपोरेट टैक्स 30 से घटाकर 22 प्रतिशत कर कारपोरेट घरानों को लाखों करोड़ की राहत दी गई है। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को सरकार यह कहकर मना कर रही है की इसके अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने सवाल किया कि पूंजीपतियों को लाखों करोड़ की राहत प्रदान करने से ऐसा क्यों नहीं होता ? उन्होंने कहा सरकार का दावा है कि हर महीने रिकार्ड जीएसटी कलेक्शन हो रहा है। लेकिन इसके बावजूद कोविड 19 में कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के फ्रिज किए गए 18 महीने के बकाया डीए डीआर को रिलीज नहीं किया जा रहा। इतना ही नहीं केन्द्र सरकार ने आठवें पे कमीशन के गठन से भी इन्कार कर दिया है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी बड़े पूंजीपतियों को 35 हजार करोड़ रुपए की राहत दी गई है। इसके विपरित खाद्य सबसिडी में 90 हजार करोड़, उर्वरक सबसिडी में 50 हजार करोड़ और पेट्रोलियम सबसिडी में 6900 करोड़ कटौती कर लगभग 147 लाख करोड़ बचाए है। उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों को राहत देने के लिए गरीब के खाने पीने की चीजों पर भी जीएसटी लागू किया है। जिसके कारण गरीब लोगों के सामने भारी संकट पैदा हो गया है। नेशनल एजुकेशन पालिसी को देश में जबरन लागू किया जा रहा है। जिसको लेकर देशभर के कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और वह अब निर्णायक आंदोलन करेंगे।

# आम आदमी पार्टी के जिला पदाधिकारी की हुई मीटिंग



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के जिला पदाधिकारियों की मीटिंग बल्लभगढ़ के महाराणा प्रताप भवन में आयोजित हुई। इस मीटिंग को हरियाणा परिवर्तन चाहता है, खट्टर सरकार के भ्रष्ट शासन से, नाम दिया गया। इस मीटिंग में मुख्य अतिथि के तौर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद डॉ. संदीप पाठक ने भाग लिया। आज बल्लबगढ़ विधानसभा में महाराणा प्रताप भवन में आम आदमी पार्टी के जिले ओर लोकसभा के सभी साथी और पदाधिकारियों की मीटिंग हुई!

हरियाणा परिवर्तन चाहता है, खट्टर सरकार के इस भ्रष्ट शासन से। पार्टी के जिला अध्यक्ष हरेंद्र भाटी ने बताया कि डॉ संदीप पाठक के मार्गदर्शन में पूरे हरियाणा में बदलाव जनसभा की जाएंगी। बदलाव यात्रा के बाद से ही यह साफ हो गया था की हर हरियाणवी घिसी-पिटी राजनीति से थक चुका है। प्रदेश का हर वर्ग आम आदमी पार्टी को बेहतर विकल्प के तौर पर देख रहा है। बदलाव जनसभा इस परिवर्तन की मुहिम को आगे बढ़ाने काम करेगी। इस बैठक में हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉक्टर सुशील गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा और लोकसभा और जिले के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# थाना प्रभारी ने कंपनियों के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाने के दिए निर्देश

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन द्वारा महिला सुरक्षा तथा अपराधियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत मुजेसर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र ने सेक्टर 24 स्थित फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन कार्यालय पहुंचकर इंडस्ट्री एसोसिएशन के सदस्यों को कंपनियों के बाहर महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा चोरी व अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरा को इंस्टॉल करने की हिदायत दी और उन्हें अहम दिशा निर्देश दिए। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी एनआईटी द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत थाना प्रभारी इंडस्ट्री एसोसिएशन कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी कंपनियों को रात के समय महिलाओं को उनके घर तक ड्रॉप फैसिलिटी प्रदान करने की हिदायत दी ताकि रात के समय किसी भी महिला के साथ कोई भी अप्रिय घटना घटित न हो और वह सुरक्षित अपने घर तक पहुंच सके क्योंकि कई बार देर रात फैक्ट्री से ड्यूटी करने के बाद जब महिला अपने वाहन या किसी और के साथ लिफ्ट लेकर अपने घर के लिए जाती है तो रास्ते में



उसके साथ किसी भी प्रकार की वारदात होने का खतरा बना रहता है और वह महिला रात के समय सुनसान रास्तों से जाने में सुरक्षित महसूस नहीं करती इसलिए आवश्यक है कि कंपनियों द्वारा देर रात तक काम करने वाली महिलाओं के लिए पिकअप व ड्रॉप फैसिलिटी उपलब्ध करवाई जाए। इसके साथ ही कंपनी में काम करने वाले कामगारों के वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पार्किंग की व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाए और यदि पार्किंग एरिया उपलब्ध नहीं है तो उनके वाहनों को चैन से बांधा जाए ताकि आसानी से वह चोरी नहीं हो सके। पार्किंग सुविधा नहीं होने के कारण कामगारों को अपना वाहन कंपनी के बाहर सुनसान छोडक़र जाना पड़ता है जिसकी वजह से उसके चोरी होने की संभावना बढ़ जाती है और कुछ अपराधिक किस्म के व्यक्ति वाहन को सुनसान खड़ा देखकर उसे चोरी कर लेते हैं जिससे की कामगारों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है इसलिए कंपनियों में पार्किंग की व्यवस्था उचित होनी चाहिए ताकि वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। संगठन के सदस्यों ने भी थाना प्रभारी की हिदायतों को जायज ठहराते हुए उक्त दिशा निर्देशों को जल्द से जल्द लागू करने का विश्वास दिलाया।